दैनिक
# नवयत्न
केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018
खबरें सड़क से संसद तक
वर्ष: 17 अंक 145 सीकर, शुक्रवार 24 जुलाई 2026 Email : navyatndainik@gmail.com मूल्य 1 रुपया पृष्ठ 8

# सरकार बोली-कॉकरोच पार्टी को 4 बार बातचीत के लिए बुलाया

## सीजेपी ने कहा- बात करनी है तो सरकार जंतर-मंतर आए

## आज देशभर में प्रदर्शन का ऐलान



नई दिल्ली।

सरकार ने गुरुवार को कहा कि वह कॉकरोच जनता पार्टी यानी सीजेपी के साथ किसी भी समय बातचीत के लिए तैयार है। केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि पिछले 24 घंटे में सीजेपी को जेपी नड्डा के घर या ऑफिस पर बातचीत के लिए 4 बार प्रस्ताव भेजा जा चुका है।

हालांकि, सीजेपी ने कहा है कि सरकार को बात करनी है तो जंतर-मंतर आए या फिर किसी न्यूट्रल जगह पर चर्चा करे। हम किसी के घर या ऑफिस नहीं जाएंगे। इधर, कॉकरोच जनता पार्टी ने अब 24 जुलाई को देशभर में शांतिपूर्ण प्रदर्शन का ऐलान किया है। प्रदर्शनकारी नीट पेपर लीक मामले में जवाबदेही तय करने और शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं। दिल्ली के जंतर-मंतर पर सीजेपी के नेतृत्व में छात्रों का प्रदर्शन 20 जून से जारी है। 20 जुलाई के संसद मार्च के दौरान प्रदर्शनकारियों पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया था। वहीं, इस आंदोलन में शामिल सोनम वांगचुक के अनशन का आज 26वां दिन हैं। मेदांता में भर्ती वांगचुक ने कहा है कि सरकार प्रदर्शनकारियों पर एक्शन न लेने का आश्वासन दे तो मैं अनशन तोड़ दूंगा।

## राहुल ने विपक्ष के साथ गांधी स्मृति तक मार्च निकाला

### राष्ट्रगान गाया, मोबाइल की टॉर्च जलाकर प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर लाठीचार्ज का विरोध किया



पेपरलीक और छात्रों के प्रदर्शन में लाठीचार्ज के खिलाफ राहुल गांधी ने विपक्ष के नेताओं के साथ गुरुवार शाम को उनके घर से गांधी स्मृति तक मार्च निकाला। उनके साथ शिवसेना (यूबीटी), एनसीपी (एसपी), टीएमसी, जेएमएम, आरजेडी, लेफ्ट, समाजवादी पार्टी और आईयूएमएल के नेता भी शामिल रहे। इस मौके पर राहुल ने कहा-पेपरलीक के चलते जिन छात्रों को खो दिया है, हम उन्हें याद कर रहे हैं। हमारे छात्र सड़कों पर हैं, इसलिए विपक्ष के सभी सांसदों को लगा कि हमें भी सड़कों पर उतरना चाहिए। मार्च के पहले राहुल के घर पर विपक्षी सांसदों ने बैठक की। पुलिस ने मार्च के पहले ही सुरक्षा व्यवस्था की तैयारी कर रखी थी। जगह-जगह बसें और बैरिकेड लगा रखे थे। जैसे ही मार्च शुरू हुआ, उनका रास्ता रोक दिया गया। हालांकि करीब 10 मिनट बाद रास्ता खोल दिया गया। इससे पहले 21 जुलाई को मल्लिकार्जुन खड़गे के जन्मदिन पर राहुल-प्रियंका समेत कांग्रेस नेताओं ने पीएम हाउस तक मार्च किया था। वहां 2 घंटे तक धरने पर बैठ रहे थे। यह मार्च भी बेहद सीक्रेट रखा गया था।

**गांधी स्मृति में बापू की हत्या हुई थी, पहले बिड़ला हाउस था**-गांधी स्मृति पहले बिड़ला हाउस के नाम से जाना जाता था। महात्मा गांधी ने अपने जीवन के आखिरी 144 दिन यहीं बिताए थे।

30 जनवरी 1948 को प्रार्थना सभा के लिए जाते समय इसी परिसर में नाथूराम गोडसे ने उन्हें गोली मार दी थी। आज भी यहां गांधी जी के अंतिम कदमों के निशान और वह स्थान सुरक्षित है, जहां उन्हें गोली लगी थी।

## सीएम बोले-राजस्थान में पेपरलीक हुए तब राहुल गांधी कहां थे

### अब छात्रों पर कर रहे राजनीति; हमारी सरकार ने 450 आरोपियों को पहुंचाया जेल



**जयपुर।** पेपर लीक के मुद्दे पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि जब राजस्थान में कांग्रेस सरकार के दौरान लगातार पेपर लीक की घटनाएं हो रही थीं, तब राहुल गांधी कहां थे। प्रदेश में उस समय अशोक गहलोत मुख्यमंत्री थे और राजस्थान का युवा खून के आंसू रो रहा था। तब आपको इन युवाओं के आंसू नहीं दिखाई दिए। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि आज छात्रों के मुद्दे पर राजनीति की जा रही है, जबकि उनकी सरकार अब तक पेपपलीक से जुड़े 450 आरोपियों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचा चुकी है और दोषियों के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई जारी है।

**450 से ज्यादा पेपरलीक के आरोपियों को पहुंचाया सलाखों के पीछे**-मुख्यमंत्री ने कहा कि आज पेपरलीक पर वो लोग बोल रहे है, जिनके समय में पेपर लीक हुए। ऐसे लोग हमसे सवाल करते हैं। एक अंगुली हमारी तरफ करते हैं तो चार अंगुलियां खुद की तरफ उठ रही हैं। हमने तो पेपरलीक करने वाले 450 से ज्यादा आरोपियों को सलाखों के पीछे पहुंचा दिया हैं, लेकिन आज तुम लोग स्टूडेंट्स पर राजनीति कर रहे हो, यह नहीं होना चाहिए। जयपुर के राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में गुरुवार को सीएम भजनलाल शर्मा कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। गुरुवार को संत शिरोमणी गुरू रविदास की 650वीं जयंती वर्ष पर चलने वाले समरसता संकल्प अभियान की प्रदेश स्तरीय कार्यशाला आयोजित हुई।

### पौने तीन साल में एक भी नहीं हुआ पेपरलीक

सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में राजस्थान आगे बढ़ रहा हैं। बात चाहे बिजली-पानी की हो या युवाओं को रोजगार देने की। पिछले पौने तीन सालों में राजस्थान में 350 पेपर हुए, लेकिन एक भी पेपरलीक नहीं हुआ। इन्हें अपने कर्मों को देखना चाहिए। इस देश ने आपको बहुत कुछ दिया था। लंबे समय तक आपका पंचायत से लेकर संसद तक शासन था। लेकिन तुष्टिकरण और भ्रष्टाचार के अलावा कुछ नहीं किया। आपको जनता ने क्यों नकार दिया, क्या कभी आपने इस पर विचार किया हैं। आज इनको हर हाल में कुर्सी चाहिए, इसलिए गलत तरीके से काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बीजेपी हमेशा समाज को जोड़ने की राजनीति करती है, तोड़ने की नहीं। लेकिन कांग्रेस ने हमेशा देश को तोड़ने का काम किया हैं।

## राजस्थान में अगले 3 दिन भारी! झमाझम बारिश से तर होंगे जिले, कई जगह अति भारी बारिश की चेतावनी



जयपुर

राजस्थान में मानसून एक बार फिर पूरी तरह सक्रिय नजर आ रहा है. मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में अगले 3 से 4 दिनों तक बारिश का दौर जारी रहने की संभावना है. 23 जुलाई की शाम के बाद भी कई जिलों में बादल छाए रहने, गरज-चमक के साथ बारिश होने और कुछ जगहों पर भारी से अति भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है. खासतौर पर दक्षिणी राजस्थान के जिलों में तेज बारिश की संभावना जताई गई है.

### दक्षिण-पूर्वी राजस्थान में बना परिसंचरण तंत्र, मानसून ट्रफ लाइन भी सक्रिय

मौसम विभाग के मुताबिक फिलहाल दक्षिण-पूर्वी राजस्थान और आसपास के इलाकों में ऊपरी परिसंचरण तंत्र बना हुआ है. वहीं मानसून ट्रफ लाइन जैसलमेर और कोटा से होकर गुजर रही है, जो सक्रिय स्थिति में है. इसके अलावा वायुमंडल के ऊपरी स्तरों में पूर्व-पश्चिम शियर जोन भी दक्षिणी राजस्थान के ऊपर सक्रिय है. इन मौसमी सिस्टम के कारण प्रदेश में बारिश की गतिविधियां बढ़ने की संभावना बनी हुई है.

### 23 जुलाई को इन संभागों में भारी बारिश का खतरा

मौसम विभाग ने 23 जुलाई को कोटा, उदयपुर, जोधपुर और अजमेर संभाग के कई हिस्सों में मध्यम से भारी बारिश की संभावना जताई है. इन इलाकों में कुछ स्थानों पर अति भारी से अत्यंत भारी बारिश भी हो सकती है. वहीं जयपुर, भरतपुर और बीकानेर संभाग के कुछ भागों में हल्की से मध्यम बारिश होने के आसार हैं. कई जगहों पर बादलों की गरज के साथ बिजली गिरने और तेज हवाएं चलने की संभावना भी बनी हुई है.

## लश्कर के 2 आतंकियों के घर आईईडी लगाकर ढहाए गए

### जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग में हेड कॉन्स्टेबल की हत्या में थे शामिल

श्रीनगर।

जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में प्रशासन ने गुरुवार को लश्कर-ए-तैयबा के दो आतंकियों के घर आईईडी लगाकर ध्वस्त कर दिए। यह कार्रवाई लाल चौक में पुलिस बल के हेड कॉन्स्टेबल आशिक हुसैन कुरैशी की हत्या के एक दिन बाद की गई। अधिकारियों के मुताबिक, जिन आतंकियों के मकान गिराए गए उनमें बिजबेहड़ा के गुरी गांव निवासी आदिल ठोकर और हसनपोरा निवासी हारून गनई शामिल है। मंगलवार दोपहर करीब साढ़े 12 बजे कॉन्स्टेबल कुरैशी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हमले में ये दोनों आतंकी भी शामिल थे। दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग स्थित लाल चौक पर आतंकियों ने इस कायराना वारदात को अंजाम दिया था।

**अमरनाथ यात्रा ड्यूटी पर तैनात थे कुरैशी**-भारतीय रिजर्व पुलिस और एसओजी (स्ट्रान) से जुड़े हेड कॉन्स्टेबल आशिक हुसैन कुरैशी अमरनाथ यात्रा ड्यूटी पर तैनात थे। जिस वक्त यह हमला हुआ, उस समय खराब मौसम के कारण अमरनाथ यात्रा अस्थायी रूप से रुकी हुई थी।

दोपहर करीब 12:30 बजे आतंकियों ने आतंकियों ने उन्हें बहुत करीब से निशाना बनाया और उन पर ताबड़तोड़ गोलियां चला दीं। सुरक्षाबलों ने जवाबी कार्रवाई की, जिसके बाद दोनों तरफ से गोलियां चलीं। हमले के बाद आतंकी भाग गए।

इस दौरान हेड कॉन्स्टेबल आशिक हुसैन कुरैशी जख्मी हो गए। उन्हें तुरंत सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। शहीद जवान आशिक हुसैन के परिवार में पत्नी और तीन बच्चे हैं।

## नरेश मीणा की गिरफ्तारी के आदेश, संपत्ति का रिकॉर्ड मांगा

### कोर्ट ने 10 दिन पहले जमानत रद्द की थी



टोंक।

टोंक के देवली-उनियारा उपचुनाव के दौरान एसडीएम को थप्पड़ मारने के मामले में आरोपी रहे निर्दलीय प्रत्याशी नरेश मीणा की हाईकोर्ट से मिली सशर्त जमानत रद्द होने के बाद एससी/एसटी कोर्ट ने उन्हें 6 अगस्त तक गिरफ्तार करने का समय दिया है। कोर्ट के आदेश पर नगरफोर्ट थाना पुलिस ने उनकी चल-अचल संपत्ति का रिकॉर्ड भी मांगा है, जिसे कोर्ट में पेश किया जाएगा।

**कोर्ट ने 6 अगस्त तक गिरफ्तारी का समय दिया**-नगरफोर्ट थाना प्रभारी राजेंद्र ताड़ा ने बताया कि हाईकोर्ट से मिली नरेश मीणा की सशर्त जमानत 13 जुलाई को रद्द हो गई थी। उसी दिन कोर्ट ने गिरफ्तारी वारंट भी जारी कर दिया था। उन्होंने बताया कि कोर्ट ने नरेश मीणा को गिरफ्तार करने के लिए 6 अगस्त तक का समय दिया है। पुलिस कोर्ट के आदेश की पालना करेगी।

**कोर्ट के आदेश पर संपत्ति का रिकॉर्ड मांगा**-राजेंद्र ताड़ा ने बताया कि एससी/एसटी कोर्ट के आदेश पर नरेश मीणा की चल-अचल संपत्ति की जानकारी मांगी गई थी। इसके लिए उनकी ग्राम पंचायत नयागांव उर्फ नानवता, तहसील मोठपुर (जिला बारां) के सरपंच (प्रशासक) को पत्र भेजा गया है। पत्र में नगरफोर्ट थाने में दर्ज मुकदमे का हवाला देते हुए जल्द संपत्ति का रिकॉर्ड उपलब्ध कराने को कहा गया है, ताकि उसे कोर्ट में पेश किया जा सके।

## मोदी सरकार के नेतृत्व में भारत की स्वास्थ्य व्यवस्था में ऐतिहासिक बदलाव : जेपी नड्डा

नई दिल्ली





भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता 2026 के तहत चंडीगढ़ में आयोजित 16वीं ब्रिक्स स्वास्थ्य मंत्रियों की बैठक गुरुवार को सफलतापूर्वक संपन्न हुई, जिसमें ब्रिक्स सदस्य देशों के स्वास्थ्य मंत्रियों, प्रतिनिधिमंडलों के प्रमुखों, वरिष्ठ अधिकारियों और सार्वजनिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों को एक साथ लाया गया ताकि साझा सार्वजनिक स्वास्थ्य प्राथमिकताओं को संबोधित करने और एक लचीली वैश्विक स्वास्थ्य संरचना को आगे बढ़ाने में सहयोग को मजबूत किया जा सके।

भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता के तहत आयोजित 'लचीलापन, नवाचार, सहयोग और स्थिरता के लिए निर्माण' विषय के अंतर्गत आयोजित इस बैठक ने सदस्य देशों को प्रमुख स्वास्थ्य चुनौतियों पर विचार-विमर्श करने और स्वास्थ्य प्रणालियों को मजबूत करने, नवाचार को बढ़ावा देने, महामारी की तैयारी को बढ़ाने और सतत सहयोग के माध्यम से सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज को आगे बढ़ाने के प्रति अपनी सामूहिक प्रतिबद्धता की पुष्टि करने के लिए एक मंच प्रदान किया। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने 16वीं ब्रिक्स स्वास्थ्य मंत्रियों की बैठक को वर्चुअल माध्यम से संबोधित करते हुए चंडीगढ़ में ब्रिक्स सदस्य एवं सहयोगी देशों के स्वास्थ्य मंत्रियों, प्रतिनिधिमंडलों के प्रमुखों और वरिष्ठ अधिकारियों का स्वागत किया और भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता के दौरान उनके निरंतर सहयोग के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि सदस्य देशों की सक्रिय भागीदारी वैश्विक दक्षिण के बीच सहयोग को बढ़ावा देने वाले एक मंच के रूप में ब्रिक्स की अटूट शक्ति को दर्शाती है।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत ने जन-केंद्रित नीतियों, स्वास्थ्य सेवाओं तक व्यापक पहुंच, डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना और बेहतर सेवा वितरण के माध्यम से अपनी स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूत करने के लिए परिवर्तनकारी सुधार किए हैं।' उन्होंने कहा कि भारत के अनुभव ने इस विश्वास को और पुष्ट किया है कि सुदृढ़ सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली और समान स्वास्थ्य सेवाएं सभी देशों के सतत विकास के लिए आवश्यक हैं। नड्डा ने पिछले दो दशकों में ब्रिक्स के विकास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह समूह वैश्विक दक्षिण की एक सशक्त आवाज और अधिक समावेशी एवं न्यायसंगत वैश्विक व्यवस्था को आकार देने में एक प्रभावशाली मंच के रूप में उभरा है। उन्होंने कहा कि संक्रामक रोग, गैर-संक्रामक रोगों का बढ़ता बोझ, जलवायु संबंधी स्वास्थ्य जोखिम और तीव्र तकनीकी प्रगति के लिए गहन बहुपक्षीय सहयोग और मजबूत संस्थागत साझेदारी की आवश्यकता है। भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता के विषय, 'लचीलेपन, नवाचार, सहयोग और स्थिरता के लिए निर्माण' का जिक्र करते हुए, मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि वैश्विक स्वास्थ्य का भविष्य लचीली स्वास्थ्य प्रणालियों के निर्माण पर निर्भर करता है जो उभरती सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौतियों का पूर्वानुमान लगाने और प्रभावी ढंग से प्रतिक्रिया देने में सक्षम हों।

## कोबरी-सार




## मनीला में जयशंकर ने ओमान के विदेश मंत्री से की मुलाकात

नई दिल्ली



विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने गुरुवार को मनीला में 'आसियान' से जुड़े कार्यक्रमों के दौरान ओमान के विदेश मंत्री सैयद बद्र बिन हमद अल बुसैदी से मुलाकात की। इस बैठक में दोनों नेताओं ने खाड़ी क्षेत्र के हालिया घटनाक्रम पर चर्चा की। बैठक के बाद एस. जयशंकर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट कर लिखा, मनीला में ओमान के विदेश मंत्री सैयद बद्र बिन हमद अल बुसैदी से मुलाकात करके खुशी हुई। हमने खाड़ी क्षेत्र के हालिया हालात पर अपने विचार साझा किए और आगे भी संपर्क में रहने पर सहमति बनी।

यह मुलाकात ऐसे समय में हुई है, जब अमेरिका और ईरान के बीच हालिया सैन्य कार्रवाई के बाद पश्चिम एशिया में एक बार फिर तनाव बढ़ गया है। इससे पहले दिन में जयशंकर ने नीदरलैंड के विदेश मंत्री टॉम बेरेंडसन से भी मुलाकात की। उन्होंने कहा कि भारत और नीदरलैंड के रिश्तों को रणनीतिक साझेदारी का दर्जा मिलने के बाद दोनों देशों के बीच नए क्षेत्रों में सहयोग के मौके बढ़े हैं। इनमें सेमीकंडक्टर, जल संसाधन, ग्रीन हाइड्रोजन, स्वास्थ्य और संस्कृति जैसे क्षेत्र शामिल हैं। जयशंकर ने 'एक्स' पर लिखा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हालिया नीदरलैंड यात्रा के नतीजों पर विदेश मंत्री टॉम बेरेंडसन के साथ चर्चा हुई। रणनीतिक साझेदारी बनने के बाद सेमीकंडक्टर, जल संसाधन, ग्रीन हाइड्रोजन, स्वास्थ्य और संस्कृति जैसे क्षेत्रों में सहयोग के नए रास्ते खुले हैं। इसके अलावा जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र की फिलिस्तीनी शरणार्थियों के लिए काम करने वाली एजेंसी यूएनआरडब्ल्यूए के कार्यवाहक आयुक्त-जनरल क्रिश्चियन सॉन्डर्स से भी मुलाकात की।

## आरसीए एडहॉक कमेटी के पूर्व संयोजक पर एफआईआर : शत्रुघ्न बोले- मुझे फंसाने के लिए बनाई फर्जी वॉट्सएप चैट, पद के लिए भी बनाया दबाव

जयपुर।

राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन एडहॉक कमेटी के पूर्व संयोजक मोहित यादव के खिलाफ जयपुर के ज्योति नगर थाने में एफआईआर दर्ज हुई है। मामला भरतपुर जिला क्रिकेट संघ के सचिव पद से निष्कासित शत्रुघ्न तिवारी की शिकायत पर दर्ज हुआ है। शिकायत में मोहित यादव और उनके सहयोगियों पर फर्जी वॉट्सएप चैट तैयार करने, फर्जी डिजिटल दस्तावेज बनाने और उन्हें वायरल करने का आरोप लगाया गया है। इसके अलावा शत्रुघ्न तिवारी की प्रतिष्ठा धूमिल करने और भरतपुर जिला क्रिकेट संघ को नुकसान पहुंचाने की साजिश रचने का भी आरोप लगाया गया है।

**पद देने के दबाव का आरोप**-शिकायतकर्ता शत्रुघ्न तिवारी ने बताया- मैं पिछले करीब 10 वर्षों से भरतपुर जिला क्रिकेट संघ के सचिव हैं। मार्च 2026 में आरसीए की एडहॉक कमेटी बनने के बाद मोहित यादव को संयोजक नियुक्त किया गया। इसके बाद उन्होंने कथित तौर पर भरतपुर जिला क्रिकेट संघ में अध्यक्ष या कोषाध्यक्ष का पद दिलाने के लिए दबाव बनाया। विरोध करने पर मेरे खिलाफ षड्यंत्र शुरू कर दिया गया।

## पुलिस कस्टडी से भागे स्मैक तस्कर को 80 किमी पीछा कर दबोचा

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** राजधानी के शिवदासपुरा थाना क्षेत्र में एनडीपीएस एक्ट में गिरफ्तार एक स्मैक तस्कर पुलिस कस्टडी से फरार हो गया। हालांकि पुलिस ने करीब 80 किलोमीटर तक पीछा कर उसे दोबारा गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ अब पुलिस कस्टडी से फरार होने का अलग मामला भी दर्ज किया गया है। शिवदासपुरा थानाधिकारी राजेश गौतम ने बताया कि डीएसटी के हेड कांस्टेबल अभय कुमार को सूचना मिली थी कि एनडीपीएस एक्ट का आरोपी सतसिंह उर्फ सदौल 39 निवासी दूनी जिला टोंक टोंक रोड स्थित बरखेड़ा टोल प्लाजा के पास पैदल घूम रहा है। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो आरोपी पुलिस को देखकर एक ट्रक के पीछे छिप गया। घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया गया। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 658 ग्राम स्मैक बरामद हुई, जिसे जब्त कर उसे एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी से सोमवार देर रात तक शिवदासपुरा थाने में पूछताछ की गई। मंगलवार तड़के पुलिस जब उसे हवालात में बंद करने ले जा रही थी, तभी उसने एक पुलिस कांस्टेबल को धक्का देकर थाने से फरार हो गया। पुलिसकर्मियों ने तत्काल उसका पीछा किया, लेकिन अंधेरे का फायदा उठाकर आरोपी आंखों से ओझल हो गया। पुलिस जांच में सामने आया कि फरार आरोपी राहगीरों से लिफ्ट लेकर रेनवाल डिग्गी तक पहुंच गया। पुलिस टीम लगातार उसका पीछा करती रही और करीब 80 किलोमीटर दूर बुधवार सुबह उसे दोबारा गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पुलिस कस्टडी से फरार होने का एक और मामला दर्ज किया है। प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया है कि संत सिंह उर्फ सदौल के खिलाफ विभिन्न थानों में करीब एक दर्जन आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार वह पहले भी पुलिस कस्टडी से फरार हो चुका है। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

## पुलिसकर्मी बनकर महिला से ठगी नकली गहने थमाकर सोने की चेन-चूड़ियां ले उड़े बदमाश

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** राजधानी के बजाज नगर थाना क्षेत्र में पुलिसकर्मी बनकर ठगी करने का मामला सामने आया है। जहां बाइक सवार दो शातिर बदमाशों ने खुद को पुलिसकर्मी बताकर एक महिला को सुरक्षा का झांसा दिया और उसकी सोने की चेन व चूड़ियां उतरवाकर उनकी जगह नकली आभूषण रख दिए। वारदात के बाद दोनों आरोपी फरार हो गए। पूरी घटना आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर सीसीटीवी फुटेजों के आधार पर बदमाशों की तलाश में जुटी है। बजाज नगर थानाधिकारी रामधन मीणा ने बताया कि बरकत नगर निवासी नीरज कुलश्रेष्ठ 53 बुधवार सुबह डॉक्टर को दिखाकर ई-रिक्शा से घर लौट रही थीं। घर से करीब 100 मीटर पहले बाइक सवार दो युवकों ने उन्हें रोक लिया। दोनों ने खुद को पुलिसकर्मी बताते हुए कहा कि इलाके में लगातार चाकूबाजी और लूट की घटनाएं हो रही हैं। भरोसा दिलाने के लिए उन्होंने कथित पुलिस पहचान पत्र भी दिखाया। इसके बाद आरोपियों ने महिला को सुरक्षा के नाम पर सोने की चेन और चूड़ियां उतारकर पर्स में रखने की सलाह दी। महिला ने घर पास होने की बात कहकर मना किया। लेकिन दोनों बदमाश नहीं माने। उन्होंने गहनों की पुड़िया बनाकर पर्स में रखने का नाटक किया और इसी दौरान असली सोने के जेवर निकालकर उनकी जगह नकली चेन और आर्टिफिशियल चूड़ियां रख दीं। वारदात के बाद दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए। घर पहुंचकर ताला खोलते समय महिला को शक हुआ। जब उन्होंने पर्स खोलकर देखा तो असली सोने के गहने गायब थे और उनकी जगह नकली आभूषण रखे हुए थे। इसके बाद उन्होंने परिजनों को घटना की जानकारी दी और पुलिस कंट्रोल रूम पर शिकायत दर्ज कराई। थानाधिकारी रामधन मीणा ने बताया कि वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी ईरानी गैंग के सदस्य प्रतीत हो रहे हैं। घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज में दोनों संदिग्ध बदमाश नजर आए हैं। फुटेज के आधार पर उनकी पहचान कर ली गई है और उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें लगातार प्रयास कर रही हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## गुरु पूर्णिमा महोत्सव 29 जुलाई को

निलेश मुद्गल

**झुंझुनू (नवयत्न)।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर झुंझुनू स्थित चंचलनाथ टीले पर 29 जुलाई को हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गुरु पूर्णिमा महोत्सव श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। महोत्सव की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। पूरे टीले परिसर, मंदिर एवं समाधि स्थल को जीवंत पुष्प सज्जा तथा रंग-बिरंगी आकर्षक रोशनी से सजाया जाएगा, जिससे संपूर्ण वातावरण आध्यात्मिक आभा से आलोकित रहेगा। टीले के संत विचारनाथ महाराज ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ प्रात: सवा 7 बजे गुरु परंपरा के अनुसार ओमनाथ महाराज द्वारा अपने गुरुओं की समाधि स्थलों पर भोग अर्पित करने, पुष्पांजलि अर्पण तथा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना से होगा। इसके पश्चात विचारनाथ महाराज अपने पूज्य गुरुदेव ओमनाथ महाराज का विधिवत पूजन करेंगे। गुरु पूजा के दौरान शिष्य गुरुदेव का तिलक कर पुष्पमाला अर्पित करेंगे तथा फल, फूल, नारियल, मिठाई, वस्त्र एवं श्रद्धा भेंट समर्पित कर आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। गुरु चरणों में नमन कर उनकी आरती उतारेंगे, गुरु वंदना का गायन करेंगे तथा गुरु के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लेंगे। महोत्सव के दौरान चूरू, सीकर, फतेहपुर, लक्ष्मणगढ़ सहित विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में शिष्य एवं श्रद्धालु उपस्थित होंगे। वे भक्तिभाव से भजन-कीर्तन प्रस्तुत करेंगे, जिससे पूरा परिसर भक्तिरस से सराबोर हो जाएगा। कार्यक्रम में गुरु महिमा का गुणगान, सत्संग एवं आशीर्वचन भी होंगे।

## भारतीय मजदूर संघ का स्थापना दिवस मनाया



बाबूलाल शर्मा

**झुंझुनू (नवयत्न)।** रोडवेज डिपो परिसर में भारतीय मजदूर संघ का स्थापना दिवस मनाया गया। गेट पर भारत माता की जय, भारतीय मजदूर संघ अमर रहे के उद्घोष के साथ नया ध्वज लगाया गया। सभी कार्यकर्ताओं ने मिठाई खिलाकर स्थापना दिवस की बधाई दी। भारतीय मजदूर संघ के जिला संरक्षक रामगोपाल शर्मा ने कहा कि भारतीय मजदूर संघ को विश्व के सबसे बड़े संगठन होने का गौरव प्राप्त हुआ है जो कार्यकर्ताओं के त्याग, तपस्या और बलिदान का परिचायक है। कार्यक्रम में रोडवेज यूनियन के महामंत्री भंवर सिंह शेखावत, अध्यक्ष सज्जन जानू, मदनलाल, चिरंजीलाल, करतार सिंह, सुभाष शर्मा, रतनलाल शर्मा, कजोड़ सिंह मौर्य सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# स्कूल शिक्षक भर्ती-2022 में फर्जी डिग्री मामले में पूर्व उप परीक्षा नियंत्रक व मुख्य दलाल गिरफ्तार

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** राजस्थान लोक सेवा आयोग आरपीएससी की प्राध्यापक हिंदी स्कूल शिक्षा प्रतियोगी परीक्षा-2022 में फर्जी डिग्री के जरिए नौकरी दिलाने के मामले में स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप एसओजी ने कार्रवाई करते हुए मेवाड़ यूनिवर्सिटी, गंगरार चित्तौड़गढ़ के तत्कालीन उप परीक्षा नियंत्रक और फर्जी डिग्री गिरोह के मुख्य दलाल को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों को अदालत में पेश कर 25 जुलाई तक पुलिस कस्टडी रिमांड पीसी रिमांड पर लिया गया है। एसओजी दोनों से पूछताछ कर गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका की जांच कर रही है। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एसओजी विशाल बंसल ने बताया कि भर्ती परीक्षा में अभ्यर्थी कमला कुमारी पुत्री भारमल बिश्नोई ने पात्रता के लिए मेवाड़ यूनिवर्सिटी से जारी एमए हिंदी की डिग्री और अंकतालिका प्रस्तुत की थी। आरपीएससी अजमेर द्वारा सत्यापन कराने पर विश्वविद्यालय ने ऐसी कोई डिग्री जारी करने से इनकार कर दिया। इसके बाद फर्जी दस्तावेज और झूठा शपथ-पत्र प्रस्तुत कर नौकरी हासिल करने के आरोप में सिविल लाइंस थाना, अजमेर में मामला दर्ज किया गया, जिसकी जांच बाद में एसओजी को सौंपी गई। जांच में सामने आया कि अशोक बिश्नोई उर्फ अशोक चोटिया 32 निवासी झंवर, जिला जोधपुर ने महेंद्र सिंह राव के माध्यम से अभ्यर्थी कमला कुमारी के भाई दलपत सिंह से संपर्क किया। इसके बाद उसने मेवाड़ यूनिवर्सिटी के डीन कौशल किशोर चंदुल से सांठगांठ कर कमला कुमारी के लिए एमए हिंदी की फर्जी मार्कशीट और डिग्री तैयार करवाई।

पूछताछ के बाद एसओजी ने उसे गिरफ्तार कर लिया। एसओजी के अनुसार अशोक बिश्नोई आदतन फर्जी डिग्री माफिया है। उसके खिलाफ सिविल लाइंस थाना, अजमेर में दर्ज प्रकरण में पहले भी गिरफ्तारी हो चुकी है। इसके अलावा कुड़ी भगतासनी थाना जोधपुर में दर्ज एक अन्य मामले में भी वह गिरफ्तार हो चुका है। वहीं एसओजी थाना, जयपुर में पीटीआई भर्ती परीक्षा-2022 में फर्जी डिग्री उपलब्ध कराने के मामले में भी उसके खिलाफ प्रकरण दर्ज है। एसओजी ने सुशील शर्मा 43 निवासी अलीगढ़ उत्तर प्रदेश को भी गिरफ्तार किया है। वह मेवाड़ यूनिवर्सिटी में तत्कालीन उप परीक्षा नियंत्रक डिप्टी कंट्रोलर ऑफ एग्जामिनेशन के पद पर कार्यरत था। जांच में सामने आया कि उसने अपने पद का दुरुपयोग कर विश्वविद्यालय के सिस्टम से कमला कुमारी की फर्जी मार्कशीट और डिग्री तैयार करवाने में अहम भूमिका निभाई। एसओजी ने उसे 23 जुलाई 2026 को दोपहर 3:30 बजे गिरफ्तार किया।



पुलिस के अनुसार सुशील शर्मा के खिलाफ भी सिविल लाइंस थाना, अजमेर में दर्ज फर्जी डिग्री तैयार कराने के मामले में पहले से कार्रवाई हो चुकी है। एसओजी अधिकारियों का कहना है कि जांच में सामने आए विश्वविद्यालय के अन्य प्रशासनिक अधिकारियों, कर्मचारियों और बिचौलियों की भूमिका की भी पड़ताल की जा रही है। गिरोह से जुड़े अन्य आरोपियों की पहचान कर जल्द ही उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

## पर्यावरण सुरक्षा संकल्प के साथ किया वृक्षारोपण



निलेश मुद्गल

**झुंझुनू (नवयत्न)।** महावीर इंटरनेशनल रानी अहिल्या वीरा केंद्र द्वारा ओमप्रकाश ककराणीया के सौजन्य से अपनी पुत्र वधू शालिनी शर्मा के जन्मदिवस पर अणगासर रोड स्थित पार्क में वृक्षारोपण किया व उनको पालने की जिम्मेदारी सौंपी। संकल्प लिया कि हर व्यक्ति इस वर्ष दो वृक्ष जरुर लगाये। इक्यावन वृक्ष नागरमल जांगिड़ ने तीन से चार फीट के उपलब्ध करवाये। कार्यक्रम में डॉ एस एन शुक्ला, डॉ जेपी बुगालिया, श्यामसुंदर जालान, नागरमल जांगिड़, महेश कुमार मुंड, सूमेरसिंह कर्णावत, देवेंद्र कुमार गौड़, प्रदीप कुमार शुक्ला, शालिनी शर्मा, सरोज, प्रीति, विजय, संदीप, सुभाष चंद्र जोशी, मनोज शर्मा, डॉ अनिल अग्रवाल, ओमप्रकाश ककराणीया, सीताराम सैनी, राजेंद्र प्रसाद शर्मा, नरेश कुमार शर्मा, सुरेश, सज्जन कुमार, निरंजन, संदीप, रुक्मणी, शिव प्रसाद महर्षि, अशोक कुमार एवं काफी संख्या में गणमान्य जन उपस्थित रहे।

## हर घर तिरंगा अभियान के संयोजक व सह संयोजक नियुक्त

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर (नवयत्न)।** भाजपा में हर घर तिरंगा अभियान के सफल संचालन के लिए जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़ ने संयोजक एवं सहसंयोजक नियुक्त किए हैं। जिला महामंत्री राजेश रोलन ने बताया कि एक से 15 अगस्त तक चलने वाले हर घर तिरंगा अभियान में जितेन्द्र सिंह कारंगा को संयोजक व महेश ढाका, कंचन अग्रवाल व राजू गुर्जर को सहसंयोजक नियुक्त किया है।

## अत्याधुनिक सुविधायुक्त रेस्टोरेंट का शुभारंभ



ललित दाधीच

**राजलदेसर (नवयत्न)।** कस्बे में युवा भारती स्टेडियम के सामने बाइट ऑफ हेवन कैफे फैमिली रेस्टोरेंट का शुभारंभ संत अवधूत स्वामी विश्वेंद्र आश्रम के कर कमलो से शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि भाजपा युवा नेता पवन सिंह राठौड़, भरपालसर सरपंच दातार सिंह, पूर्व पालिका अध्यक्ष हंसराज पारीक के सानिध्य में रेस्टोरेंट का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर रेस्टोरेंट के मालिक पीयूष प्रजापत, पृथ्वी सिंह ने बताया कस्बे में फैमिली रेस्टोरेंट नहीं होने के कारण रतनगढ़ एवं अन्य जगह जाना पड़ता था इसी उद्देश्य से कस्बे में पहली बार अत्याधुनिक सुविधा युक्त रेस्टोरेंट का शुभारंभ हुआ है। हमारा उद्देश्य ग्राहकों को शुद्ध शाकाहारी भोजन उपलब्ध कराना रहेगा साथ ही चाय, कॉफी, कोल्ड ड्रिंक, फास्ट फूड भी रेस्टोरेंट पर उपलब्ध रहेंगे। उद्घाटन के अवसर पर रविन्द्र सिंह, तुलछाराम, रामवीर रायका, समुद्र सिंह, कन्हैया लाल सेन, सांवरमल ढाका, विष्णु आचार्य, मनीष नौखवाल, कमल सिंह, धनराज शर्मा, जेपी सोनी, किशन सोनी आदि गांव के सैकड़ों गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## रेलवे ने पशुपालकों को पशुओं को ट्रैक से दूर रखने की दी हिदायत

निसं

**बिसाऊ (नवयत्न)।** रेलवे पशुपालकों को अपने जानवरों को रेलवे ट्रैक से दूर रखने की हिदायत दे रहा है अगर नहीं माने तो रेलवे एक्ट के तहत कार्यवाही होगी जिसमें 6 माह की सजा व 1000 हजार रूपए जुर्माना या दोनों का प्रावधान है। मंडल रेल प्रबंधक रवि जैन के दिशा निर्देशन में इंजीनियरिंग विभाग व आरपीएफ द्वारा संयुक्त विशेष अभियान चला कर पशु पालकों पशुओं को रेलवे ट्रैक से दूर रखने की हिदायत दी जा रही है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक पूजा मित्तल ने बताया कि भारत एक कृषि-प्रधान देश है जिसमें मवेशियों का विशेष महत्व है ये न केवल पशुपालकों की आजीविका के मुख्य स्रोत हैं बल्कि सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण माने जाते हैं लेकिन विडंबना यह है कि आज के समय में रेलवे ट्रैक पर खुलेआम घूमते मवेशी दुर्घटनाओं का कारण बन रहे हैं। इनमें से एक गंभीर समस्यामवेशियों का तेज रफ्तार ट्रेन से कट जाना। यह घटना न केवल मवेशियों के लिए दुखद होती है बल्कि ट्रेन के दुर्घटनाग्रस्त होने का कारण भी बन सकती है। वर्तमान समय में अधिकांश गाड़ियों का संचालन 130 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से किया जा रहा है।

जिसके सुरक्षित संचालन के लिए रेलवे ट्रैक के दोनों तरफ स्लीपर व दीवार से फेंसिंग बनाई जारही है। जिससे जानवरो को रेलवे ट्रैक पर आने से रोका जा सके। इसके लिए रेलवे विशेष अभियान चलारहा है। जिसमें लोगो को रेलवे ट्रैक से दूर रहने व पशुओं को दूर रखने की हिदायत दी जा रही है। साथ ही उन्हें रेलवे ट्रैक के पास जानवरों को नहीं चराने व रेलवे सीमा में जानवरों को प्रवेश नहीं करने के लिए सख्त हिदायत व इससे होने वाले नुकसान व परेशानियों के बारे में भी समझाईस कि जा रही है। उसके बाद नहीं नहीं माने तो रेलवे एक्ट की धारा 147 के दौरान होगी कार्रवाई। भारतीय रेल अधिनियम की धारा 147 के अनुसार यदि कोई व्यक्ति बिना किसी कानूनी अधिकार के रेलवे की किसी भी संपत्ति पर प्रवेश करता है या अवैध रूप से प्रवेश करने के बाद उस संपत्ति का दुरुपयोग करता है या छोड़ने से मना करता है तो उसे छह महीने तक के कारावास या एक हजार रुपये तक के जुर्माने या दोनों से दंडित किया जा सकता है। इस धारा का मुख्य उद्देश्य रेलवे संपत्ति की सुरक्षा सुनिश्चित करना और अनधिकृत प्रवेश या अतिक्रमण को रोकना है।

## नि:शुल्क पंचकर्म शिविर शुरू

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** आयुष मंत्रालय भारत सरकार के अधीन राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान मानद विश्वविद्यालय जयपुर के पंचकर्म विभाग की ओर से वर्षा ऋतु के दौरान वात जनित रोगों की रोकथाम और बेहतर स्वास्थ्य के उद्देश्य से नि:शुल्क पंचकर्म चिकित्सा शिविर शुरू किया गया है।

शिविर में योग्य आयुर्वेद विशेषज्ञों की देखरेख में आमजन को नि:शुल्क बस्ति चिकित्सा उपलब्ध कराई जाएगी। राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के कुलपति प्रोफेसर संजीव शर्मा ने बताया कि आयुर्वेद में वर्षा ऋतु को बस्ति चिकित्सा के लिए सर्वश्रेष्ठ समय माना गया है।

यह चिकित्सा वात दोष के शमन, शरीर के शोधन तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने आमजन से इस नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवा का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की। पंचकर्म विभागाध्यक्ष प्रोफेसर गोपेश मंगल ने बताया कि वर्षा ऋतु में वात दोष बढ़ने से कमर दर्द, पीठ दर्द, जोड़ों का दर्द, शारीरिक जकड़न, थकान और दुर्बलता जैसी समस्याएं अधिक देखने को मिलती हैं। ऐसे में बस्ति चिकित्सा इन रोगों से राहत देने के साथ-साथ वृद्धावस्था जनित विकारों की रोकथाम में भी लाभकारी मानी जाती है।




शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा रोगियों का परीक्षण कर आवश्यकता के अनुसार उपचार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इच्छुक व्यक्ति प्रतिदिन सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के पंचकर्म विभाग, जौरावर सिंह गेट, आमेर रोड, जयपुर में पंजीकरण कर शिविर का लाभ उठा सकते हैं। इस अवसर पर प्रो. पी. हेमंता, प्रो. अनिता शर्मा, प्रो. सुरेन्द्र शर्मा, प्रो. महेन्द्र प्रजापति, डॉ. सर्वेश सिंह, डॉ विपिन तंवर, डॉ. वैभव बापट, डॉ. अनुश्री डी., डॉ लोकेश सहित पंचकर्म विभाग के सभी चिकित्सक, शोधार्थी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## अजमेर कोर्ट परिसर में बम की झूठी धमकी देने वाला आरोपी गिरफ्तार

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** अजमेर जिला पुलिस ने जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर को बम से उड़ाने की झूठी धमकी देकर दहशत फैलाने वाले आरोपी को गुजरात के गिर सोमनाथ जिले से गिरफ्तार किया है। आरोपी ने फर्जी ई-मेल आईडी के माध्यम से न्यायालय की आधिकारिक ई.मेल पर बम धमाके की धमकी भेजी थी। फिलहाल आरोपी पुलिस रिमांड पर है और उससे गहन पूछताछ की जा रही है। पुलिस अधीक्षक अजमेर हर्षवर्धन अग्रवाला ने बताया कि 17 जुलाई को जिला एवं सत्र न्यायालय, अजमेर की आधिकारिक ई-मेल आईडी पर एक धमकी भरा ई-मेल प्राप्त हुआ, जिसमें न्यायालय परिसर को बम से उड़ाने की बात लिखी गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए न्यायालय प्रशासन की ओर से सिविल लाइंस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। जिसके बाद सिविल लाइंस थाना और साइबर सेल की संयुक्त टीम गठित की गई। साइबर सेल ने फर्जी ई-मेल की तकनीकी जांच, डिजिटल साक्ष्यों के विश्लेषण तथा आसूचना संकलन के आधार पर आरोपी की पहचान करते हुए फलदू हार्दिक 40 निवासी सोमनाथ जिला गिर सोमनाथ गुजरात को गिरफ्तार किया। इस पूरे ब्लाइंड केस को सुलझाने में सिविल लाइंस थानाधिकारी शंभू सिंह, साइबर सेल प्रभारी पुलिस निरीक्षक विजय सिंह, सहायक उप-निरीक्षक प्रवीण चौधरी व मनीराम, हेड कांस्टेबल जगदीश तथा कांस्टेबल राजकुमार, अजीत सिंह और अजय मीना की विशेष और सराहनीय भूमिका रही।

## तीन हजार की रिश्वत लेते ग्राम विकास अधिकारी गिरफ्तार



**जयपुर (नवयत्न)।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो एसीबी की डूंगरपुर इकाई ने गुरुवार को कार्रवाई करते हुए डूंगरपुर जिले की ग्राम पंचायत फलातेड तहसील सागवाड़ा में कार्यरत ग्राम विकास अधिकारी राजेन्द्र कुमार डामोर को तीन हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया। आरोपी टेंट हाउस संचालक के बिल पास करने की एवज में रिश्वत मांग रहा था। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक स्मिता श्रीवास्तव ने बताया कि परिवादी जगदीश डामोर ने एसीबी डूंगरपुर को लिखित शिकायत दी थी। शिकायत में बताया कि उसका टेंट हाउस का व्यवसाय है। उसने 6 मई 2026 और 7 जुलाई 2026 को ग्राम पंचायत फ्लातेड में आयोजित प्रशासन गांव के संग शिविर में ग्राम विकास अधिकारी राजेन्द्र कुमार डामोर के कहने पर टेंट लगाया था। इन कार्यक्रमों के लिए 6 जुलाई 2026 का 4,000 रुपए तथा 7 जुलाई 2026 का 10,100 रुपए, कुल 14,100 रुपए का बिल भुगतान लंबित था। परिवादी ने भुगतान के लिए बिल ग्राम विकास अधिकारी को प्रस्तुत किए, लेकिन आरोपी ने बिल पास करने के बदले 5 हजार रुपए रिश्वत की मांग की। शिकायत मिलने पर एसीबी ने नियमानुसार शिकायत का सत्यापन कराया। सत्यापन के दौरान आरोपी 3 हजार रुपए रिश्वत लेने पर सहमत हो गया। इसके बाद एसीबी डूंगरपुर की टीम ने ट्रैप कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान आरोपी राजेन्द्र कुमार डामोर को परिवादी से 3 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया।

## कांग्रेस का प्रदर्शन, पीएम का पुतला दहन, शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग

निसं

**नोखा (नवयत्न)।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार नोखा शहर एवं देहात ब्लॉक कांग्रेस के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को अंबेडकर सर्किल पर कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन किया तथा केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की। जिला महासचिव मुरली गोदारा ने बताया कि दिल्ली में लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन कर रहे छात्र-छात्राओं एवं युवाओं पर हुए लाठीचार्ज, पेपर लीक प्रकरण तथा छात्रों को न्याय दिलाने की मांग को लेकर कांग्रेस के राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा किए गए विरोध-प्रदर्शन के समर्थन में नोखा में यह प्रदर्शन आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे सहित कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं को शांतिपूर्ण धरने के दौरान हिरासत में लेना लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत है। कांग्रेस इसकी कड़ी निंदा करती है और पेपर लीक मामले की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से तत्काल इस्तीफा देने की मांग करती है। देहात ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामनिवास तरड़ ने कहा कि लोकतंत्र में शांतिपूर्ण ढंग से अपनी बात रखना प्रत्येक नागरिक का संवैधानिक अधिकार है। छात्रों और युवाओं की आवाज को दबाने के बजाय सरकार को उनकी समस्याओं का समाधान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस छात्रों एवं युवाओं के न्याय की लड़ाई में सदैव उनके साथ खड़ी रहेगी। शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मोहनलाल लीलड़ ने केंद्र सरकार की शिक्षा नीति एवं विभिन्न जनविरोधी नीतियों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि पेपर लीक जैसी घटनाओं ने देश के लाखों युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है, जिसकी जिम्मेदारी तय होनी चाहिए। इस दौरान पेपर लीक प्रकरण को लेकर अंबेडकर प्रतिमा के समक्ष सत्याग्रह एवं अनशन पर बैठे राजीव गांधी पंचायतीराज संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष जुगल हटीला का कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने जूस पिलाकर अनशन समाप्त कराया तथा उनके आंदोलन को समर्थन दिया। कार्यक्रम में सरपंच संघ अध्यक्ष पुरखाराम मेघवाल, जिला महासचिव केदारमल कठातला, जिला सचिव गणेश डूडी, मंडल अध्यक्ष भियाराम मेघवाल, भंवरलाल सारण, राकेश जैन, गौरीशंकर नाई, श्रीराम डेलू, पूर्व सरपंच ओंकारमल ढाल, पूर्व सरपंच शेरसिंह भाटी, सेवादल अध्यक्ष गंगाराम डूडी, गोपीराम, कॉलेज पूर्व अध्यक्ष दिनेश सारण, युवा कांग्रेस के पवन छींपा, राकेश खीचड़, धर्माराम राहड़, मांगीलाल बिश्नोई, ओमप्रकाश तरड़, पूर्व पंचायत समिति सदस्य भियाराम मेघवाल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# सीएलजी की बैठक में छाई बढ़ते नशे पर अंकुश की मांग

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** सीएलजी सदस्यों की बैठक का आयोजन कोतवाली पुलिस थाने में एएसपी सतपाल सिंह के सानिध्य में किया गया। बैठक में नए सीआई मुकेश कुमार व उपस्थित सीएलजी सदस्यों का परिचय हुआ। साथ ही सीआई मुकेश कुमार के अनुरोध पर सीएलजी सदस्यों ने शहर की समस्याओं के बारे में जानकारियां दी, जिसमें सबसे ज्यादा एमडी व अन्य प्रकार के नशे के फैलते कारोबार पर अंकुश लगाने की मांग बार-बार सामने आई। दूसरी ओर नोपाराम मंडा ने कैफे में केबिन हटाने, स्कूल समय में आवारा लड़कों के स्कूलों के बाहर खड़े रहने पर रोक लगाने की मांग रखी। अरविंद सोनी ने कहा कि अपराध का ग्राफ निरंतर बढ़ रहा है, जिसमें साइबर फ्रॉड सबसे ज्यादा हो रहा है। डॉ योगिता सक्सेना ने नाथोतालाब क्षेत्र में नशे के कारोबार की तरफ ध्यान दिलवाया। कॉमरेड जगदीश नाथ ने प्रत्येक वार्ड में 2-3 सीलएजी सदस्यों की नियुक्ति की बात रखी। जबकि एडवोकेट रामकुमार मेघवाल ने नशे पर अंकुश लगाने, सिराज खान कायमखानी ने फरियादियों के साथ आने वाले ठेकेदारों पर प्रतिबंध लगाने, रेंवतमल पंवार ने नशे पर रोक लगाने, अजय ढ़ेनवाल ने ट्रेफिक व्यवस्था को सुधारे जाने सहित अनेक मांगे रखी। इसी प्रकार हंसराज सोनी व अन्य वक्ताओं ने भी समस्याएं रखीं। अमजद खान कायमखानी ने रात में वाहन नहीं मिलने पर बाईक राइडर्स द्वारा लूट कारित करने जैसी घटनाओं का जिक्र किया। जिस पर सीआई मुकेश कुमार ने कहा कि जन सहयोग सबसे अधिक आवश्यक है, पुलिस तत्परता से जन समस्याओं का समाधान करेगी। उन्होंने कहा कि कुल 24 पोईंट जन समस्याओं के आए हैं, जिन पर पुलिस ने काम शुरू कर दिया है। जल्द ही आपके सामने परिणाम भी आएगा। सब इंस्पेक्टर पप्पूराम ने भी विचार रखे। वहीं एएसपी सतपाल सिंह ने कहा कि पुलिस जनता का आईना है और जनता द्वारा दी गई सूचनाएं ही पुलिस की सफलता का आधार है। इसलिए अधिक से अधिक सूचना पुलिस को दें ताकि पुलिस कार्यवाही करे। इस अवसर पर एएसपी व सीआई का साफा पहनाकर व माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। बैठक में रफीक खींची, दिलीप प्रजापत, नोपाराम मण्डा, दिनेश तंवर, श्याम स्वर्णकार, दीवानसिंह भानीसरिया, कॉमरेड जगदीश नाथ, रामकुमार मेघवाल, सिराज खान कायमखानी, अली हसन, शाकिर खान बैसवा, बजरंग सेन, मदन भारी, खुशीराम चांदरा, महेश कुमार, अमजद खान, प्रकाश सोनी, प्रह्लाद जाखड़, मदन सोनी, तरुण सियोता, राजकुमार प्रजापत, आदिल खान, विमल गोदारा, दिनेश तंवर, सुनील सोनी, बनवारीलाल भार्गव, शिवभगवान चौहान, सुरेश अरोड़ा, विनोद खटीक आदि मौजूद रहे।



# प्रयोगशाला सहायक भर्ती मामला : ओएमआर शीट से छेड़छाड़ करने वाला अभ्यर्थी गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** प्रयोगशाला सहायक सीधी भर्ती परीक्षा-2018 की ओएमआर शीट में हेराफेरी कर अनुचित तरीके से नौकरी पाने के मामले में स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप एसओजी ने एक और कार्रवाई करते हुए आरोपित अभ्यर्थी जयप्रकाश 28 निवासी नदबई जिला भरतपुर को गिरफ्तार किया है। जांच में सामने आया कि स्कैनिंग के दौरान उसके वास्तविक 29 अंक को बढ़ाकर 190 अंक दर्शा दिए गए थे, जिसके आधार पर वह अनंतिम रूप से चयनित हो गया था। राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से दोबारा कराई गई स्कैनिंग में पूरे फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एसओजी विशाल बंसल ने बताया कि भर्ती परीक्षा की ओएमआर शीट स्कैनिंग का कार्य करने वाली निजी एजेंसी श्राभव लिमिटेड के कार्मिक विनोद कुमार गौड़ और शादान खान ने 27 अभ्यर्थियों की ओएमआर शीट में काटछांट कर उन्हें अनुचित लाभ पहुंचाया था। मामले में



एसओजी थाना में प्रकरण दर्ज कर जांच की जा रही है। एसओजी की जांच में सामने आया कि राभव लिमिटेड के कार्मिकों और कंपनी के कार्यकारी निदेशक ने आरोपी अभ्यर्थी जयप्रकाश से मिलीभगत कर स्कैनिंग प्रक्रिया के दौरान उसकी ओएमआर शीट में हेराफेरी की। इसके चलते उसके प्राप्तांक 29 से बढ़ाकर 190 दर्शा दिए गए और वह अनंतिम रूप से चयनित हो गया। बाद में राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा कराई गई री-स्कैनिंग में उसका वास्तविक प्राप्तांक केवल 29 अंक पाया गया। इस मामले में एसओजी इससे पहले स्कैनिंग एजेंसी राभव लिमिटेड के कार्मिक विनोद कुमार गौड़, शादान खान और कंपनी के कार्यकारी निदेशक रामप्रवेश सिंह को गिरफ्तार कर चुकी है।

इसके अलावा ओएमआर शीट में हेराफेरी कर चयनित हुए छह अन्य अभ्यर्थियों महेंद्र कुमार मीणा, देवेंद्र सिंह गुर्जर, विजय सिंह मीणा, पिंटू कुमार मीणा, संजय कुमार सैनी और पंकज कुमार सैनी को भी पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। एसओजी का कहना है कि मामले में गिरफ्तार जयप्रकाश से गहन पूछताछ की जा रही है और जांच के आधार पर अन्य आरोपियों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

# एमएलवी कॉलेज का संस्थापन अधिकारी 40 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की भीलवाड़ा द्वितीय इकाई ने गुरुवार को कार्रवाई करते हुए माणिक्यलाल वर्मा राजकीय महाविद्यालय, भीलवाड़ा के संस्थापन अधिकारी शिव नुवाल को 40 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। आरोपी ने एक निजी फर्म का ठेका निरस्त नहीं करने और उसे सुचारू रूप से जारी रखने की एवज में 50 हजार रुपए की रिश्वत की मांग की थी। एसीबी की अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक स्मिता श्रीवास्तव ने बताया कि ब्यूरो को शिकायत मिली थी कि परिवादी की फर्म ने माणिक्यलाल वर्मा राजकीय महाविद्यालय में सुरक्षा गार्ड, कंप्यूटर ऑपरेटर और सफाई कर्मचारियों की आपूर्ति की थी। इस संबंध में महाविद्यालय द्वारा निविदा स्वीकृत कर फर्म को कार्य आवंटित किया गया था और फर्म ने आवश्यक मानव संसाधन उपलब्ध भी करा दिए थे। जांच में सामने आया कि एक रविवार को महाविद्यालय पहुंचने पर चौकीदार अपने कार्यस्थल पर अनुपस्थित मिला। इसके बाद प्राचार्य ने संबंधित फर्म का ठेका निरस्त करने के लिए पत्र जारी कर दिया। आरोप है कि संस्थापन अधिकारी शिव नुवाल ने ठेका निरस्त नहीं करने और उसे पूर्ववत जारी रखने की एवज में परिवादी से 50 हजार रुपए की रिश्वत मांगी और लगातार परेशान कर रहा था। शिकायत का सत्यापन कराने के बाद एसीबी ने अजमेर रेंज के उप महानिरीक्षक पुलिस नारायण सिंह टोगस के सुपरवीजन में ट्रैप कार्रवाई की। भीलवाड़ा द्वितीय इकाई के उप अधीक्षक पुलिस नरपत सिंह चारण के नेतृत्व में गुरुवार को कार्रवाई करते हुए आरोपी शिव नुवाल को परिवादी से 40 हजार रुपए की रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया।

# ब्लाइंड मर्डर : मौज-मस्ती और हाई प्रोफाइल लाइफ के लिए की थी कैब चालक की हत्या

## दो हत्यारों को पुलिस ने धर-दबोचा

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** मौज-मस्ती, हाई प्रोफाइल जिंदगी जीने, कर्ज चुकाने और कैफे खोलने के लिए दो युवकों ने उबर कैब चालक की नृशंस हत्या कर उसकी कार लूट ली। हरमाड़ा थाना पुलिस और जयपुर पश्चिम की डीएसटी टीम ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता एआई और उबर ऐप से मिले तकनीकी साक्ष्यों की मदद से ब्लाइंड मर्डर और लूट की इस सनसनीखेज वारदात का पर्दाफाश करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों को रिमांड पर लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम प्रशांत किरण ने बताया कि 22 जुलाई को हरमाड़ा थाना क्षेत्र में नींदड़ स्थित चेतन डूंगरी के जंगल में एक अज्ञात युवक का शव मिला था। शव के पेट और छाती पर धारदार हथियार से कई वार के निशान थे। घटनास्थल पर खून और वाहन के टायरों के निशान मिलने से हत्या की आशंका हुई। एफएसएल, डॉग स्क्वायड और एमओबी टीम ने मौके का निरीक्षण किया। मौके पर मृतक की पहचान से जुड़ा कोई दस्तावेज नहीं मिला। शव एक दिन पुराना होने से पहचान में भी कठिनाई आ रही थी। ऐसे में पुलिस ने मृतक की तस्वीर को एआई टूल की मदद से स्पष्ट कर सोशल मीडिया पर जारी किया। इसके बाद उसकी पहचान लखपत सिंह 34 निवासी किलोलपुरा जिला धौलपुर तथा वर्तमान में विद्याधर नगर के किशन बाग में किराए पर रहने वाले उबर कैब चालक के रूप में हुई। वह मारुति सुजुकी अर्टिगा चलाता था। इसके बाद हरमाड़ा थानाधिकारी नरेंद्र भड़ाना तथा डीएसटी प्रभारी गणेश सैनी के नेतृत्व में गठित टीम ने तकनीकी शाखा के हेड कांस्टेबल बहादुर सिंह और कांस्टेबल राज महेंद्र सिंह की मदद से उबर कंपनी से राइड बुकिंग का डेटा प्राप्त किया। इसके आधार पर मुरलीपुरा निवासी सुधांशु जांगिड़ और हाल मुरलीपुरा निवासी सोनू बैरवा 23 को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। जहां दोनों ने हत्या और कार लूट की वारदात स्वीकार कर ली। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी कई दिनों से कार लूटने की योजना बना रहे थे। पहली बार उन्होंने खाटूश्यामजी जाने के बहाने कैब बुक की थी, लेकिन तेज बारिश के कारण वारदात नहीं कर सके। इसके बाद दोनों ने ब्लिंकिट ऐप से रस्सी मंगवाई, विद्याधर नगर से चाकू और गुप्ती खरीदी। पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि उन्होंने वारदात के लिए मिर्च पाउडर सहित अन्य सामान भी पहले से खरीद रखा था। आरोपियों के मोबाइल से ऐसे कई वीडियो भी मिले हैं, जिनसे उन्होंने हत्या करने के तरीके सीखे थे। 21 जुलाई की रात करीब दो बजे आरोपियों ने वीकेआई क्षेत्र से उबर ऐप के जरिए लखपत सिंह की अर्टिगा कैब बुक की। राजावास टोल के पास सुनसान स्थान पर पहुंचने के बाद एक आरोपी ने दोस्त से शराब मंगवाने का बहाना बनाकर गाड़ी रुकवाई। इसी दौरान एक आरोपी ने पीछे से रस्सी से चालक का गला दबाया, जबकि दूसरे ने गुप्ती से पेट और सीने पर ताबड़तोड़ वार कर उसकी हत्या कर दी। इसके बाद शव को चेतन डूंगरी के जंगल में फेंक कर आरोपी कार लेकर दौसा की ओर फरार हो गए। पूछताछ में आरोपियों ने



बताया कि वे कर्ज उतारने और कैफे खोलने के लिए रकम जुटाना चाहते थे। इसी उद्देश्य से कार लूटने की साजिश रची गई थी। वारदात के बाद उन्होंने लूटी गई कार बेचने के लिए कुछ लोगों को उसकी तस्वीरें भी भेजी थीं। पुलिस हत्या में प्रयुक्त हथियार, रस्सी और अन्य सामान की बरामदगी के प्रयास कर रही है। गिरफ्तार आरोपियों में सुधांशु जांगिड़, जिसने स्नातक प्रथम वर्ष तक पढ़ाई की है, तथा सोनू बैरवा, जो दसवीं तक शिक्षित है, शामिल हैं। दोनों को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है। उनसे गिरोह के अन्य संभावित सदस्यों और पूर्व में की गई वारदातों के संबंध में पूछताछ की जा रही है। इस मामले का खुलासा करने वाली टीम में थानाधिकारी नरेंद्र भड़ाना, डीएसटी प्रभारी गणेश सैनी, एसआई रामावतार, हेड कांस्टेबल पवन, भरत, राकेश, रामेश्वर, बहादुर सिंह, देशराज, राजेंद्र, मूलाराम तथा कांस्टेबल राज महेंद्र सिंह, दयाराम, राकेश, महेंद्र, मुकुट बिहारी, सुरेश मिठारवाल, सांवर, जीतराम, सुरेश कुमार और सुनील कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# नाबालिग से दुष्कर्म पर बड़ा फैसला, दो दोषियों को 20-20 वर्ष की सजा

संजय सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** पोक्सो न्यायालय के विशिष्ट न्यायाधीश इसरार खोखर ने गुरुवार को एक अहम निर्णय देते हुए नाबालिग पीड़िता से दुष्कर्म के मामले में दो आरोपियों को 20-20 वर्ष के कठोर कारावास तथा 50-50 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड अदा नहीं करने की स्थिति में दोनों को तीन-तीन माह का अतिरिक्त कारावास भी भुगतना होगा। दोषियों में जितेन्द्र स्वामी पुत्र मनोहरलाल स्वामी निवासी वार्ड नंबर 12, मुकन्दगढ़, पुलिस थाना मुकन्दगढ़ तथा निलेश कुमार सैनी पुत्र उम्मेद सैनी निवासी मालियों की ढाणी, दोरासर पुलिस थाना सदर झुंझुनू शामिल हैं। राज्य पक्ष की ओर से पैरवी कर रहे पोक्सो न्यायालय के विशिष्ट लोक अभियोजक सुरेन्द्र सिंह भाम्बू ने बताया कि आरोपी जितेन्द्र स्वामी पीड़िता के पड़ोस में रहता था, जिससे उसकी जान-पहचान हुई। इसके बाद उसने पीड़िता को बहला-फुसलाकर एक होटल में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। बाद में भी वह कई बार पीड़िता को उसी होटल में ले जाकर दुष्कर्म करता रहा। इसी दौरान जितेन्द्र के मित्र निलेश कुमार सैनी से भी पीड़िता की जान-पहचान हुई। निलेश ने पीड़िता को विवाह का झांसा देकर कई बार होटल में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। अभियोजन पक्ष ने मामले में 20 गवाहों के बयान दर्ज कराए तथा 34 दस्तावेज न्यायालय में प्रस्तुत किए। बहस के दौरान लोक अभियोजक ने मामले को अत्यंत गंभीर बताते हुए आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की। न्यायालय ने प्रस्तुत साक्ष्यों का गहन विश्लेषण करते हुए दोनों आरोपियों को दोषी मानते हुए उक्त सजा सुनाई। साथ ही अन्य धाराओं में भी सजा एवं जुर्माना लगाया गया है, जिन्हें साथ-साथ भुगतने का आदेश दिया गया है। न्यायालय ने दोनों आरोपियों पर कुल 215000-215000 रुपये का अर्थदंड भी निर्धारित किया है।


## नाम परिवर्तन

मैं मंगतू राम निवासी अम्बेडकर नगर वार्ड नं. 08 सूरजगढ़ तहसील सूरजगढ जिला झुंझुनू (राज.)। मेरी पुत्री की 10वीं व 12वीं की अंकतालिका में उसका नाम एकता (Akata) दर्ज है। जबकि मेरी पुत्री का सही नाम एकता कुमारी (Akata Kumari) है भविष्य में इसी नाम से जाना व पहचाना जावें व अंकतालिका में भी दुरूस्त करें।


# पर्यटक गाइड्स का सरकार के खिलाफ मोर्चा 28 जुलाई को शहीद स्मारक पर जुटेंगे हजारों गाइड

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान के लाइसेंसधारी पर्यटक गाइड अपनी वर्षों पुरानी मांगों को लेकर अब आर-पार की लड़ाई के मूड में हैं। पर्यटन इतिहास में पहली बार प्रदेशभर के लाइसेंस्ड पर्यटक गाइड 33 सूत्रीय मांगों को लेकर 28 जुलाई को जयपुर के शहीद स्मारक पर विशाल धरना-प्रदर्शन करेंगे। आंदोलन में जयपुर, उदयपुर, जोधपुर, जैसलमेर, बीकानेर, अजमेर, पुष्कर, रणथंभौर, भरतपुर, चित्तौड़गढ़, माउंट आबू, बूंदी, कोटा, अलवर, दौसा सहित प्रदेश के विभिन्न पर्यटन स्थलों से लाइसेंसधारी गाइड भाग लेंगे। जयपुर के वरिष्ठ लाइसेंस्ड पर्यटक गाइड एवं भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय के अधिकृत टूरिस्ट फैसिलिटेटर रवि शंकर धाभाई ने बताया कि पिछले चार वर्षों से गाइड्स अपनी 33 सूत्रीय मांगों को लेकर राज्य और केंद्र सरकार से लगातार संवाद कर रहे हैं। इस दौरान कई ज्ञापन सौंपे गए तथा प्रतिनिधिमंडलों ने पर्यटन विभाग की आयुक्त, उपमुख्यमंत्री एवं पर्यटन मंत्री से भी मुलाकात कीए लेकिन अब तक किसी भी प्रमुख मांग पर ठोस निर्णय नहीं लिया गया। उन्होंने बताया कि आंदोलन की सबसे प्रमुख मांग श्राजस्थान पर्यटक गाइड्स कल्याण बोर्ड का गठन है, ताकि प्रदेश के हजारों लाइसेंसधारी गाइड्स को सामाजिक सुरक्षा, आर्थिक संरक्षण और सम्मानजनक भविष्य मिल सके। इसके अलावा ऑफसीजन आर्थिक सहायता, स्वास्थ्य एवं दुर्घटना बीमा, पेंशन, परिवार सुरक्षा, कौशल उन्नयन,रोजगार सुरक्षा तथा अन्य कल्याणकारी योजनाओं को भी तत्काल लागू करने की मांग की जा रही है। टूरिस्ट गाइड वेलफेयर एंड रिफॉर्म सोसाइटी के अध्यक्ष धारा सिंह गुर्जर ने कहा कि राजस्थान की पर्यटन अर्थव्यवस्था में पर्यटक गाइड सबसे महत्वपूर्ण कड़ी हैं। वे देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों के समक्ष राजस्थान की संस्कृति, इतिहास, विरासत और लोकजीवन का प्रतिनिधित्व करते हैं, लेकिन विडंबना यह है कि उनके लिए कोई स्थायी सामाजिक सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध नहीं है। पर्यटन व्यवसाय पूरी तरह मौसमी होने के कारण हजारों गाइड्स वर्ष के कई महीनों तक आर्थिक संकट से जूझते हैं और अनेक परिवारों के सामने आजीविका का संकट खड़ा हो जाता है। उन्होंने कहा कि चार वर्षों तक शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से अपनी मांगें रखने के बावजूद न तो राज्य सरकार की ओर से कोई सकारात्मक पहल हुई और न ही केंद्र सरकार के पर्यटन मंत्रालय की ओर से सार्थक समाधान सामने आया। इससे गाइड समुदाय में गहरा असंतोष व्याप्त है। रवि शंकर धाभाई ने राज्य और केंद्र सरकार से आंदोलन से पूर्व सकारात्मक निर्णय लेकर गाइड्स की वर्षों पुरानी मांगों का समाधान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि यदि शीघ्र ठोस कदम नहीं उठाए गए तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। साथ ही प्रदेश के सभी लाइसेंसधारी पर्यटक गाइड्स से 28 जुलाई को जयपुर के शहीद स्मारक पहुंचकर अपने अधिकारों, सामाजिक सुरक्षा और सम्मानजनक भविष्य के लिए एकजुट होने का आह्वान किया।


## कार्यालय नगरपालिका मण्डल खाटूश्यामजी, जिला-सीकर, (राज.)

कमांक :-न.पा.खाटू./2026/1163 दिनांक 21.07.2026

### आपति आंमत्रण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पालिका क्षेत्र में नीचे लिखित अनुसार आवेदक द्वारा धारा 69-क/ स्टेट ग्रांट के अन्तर्गत पट्टा चाहने हेतु पालिका में आवेदन प्रस्तुत किया है जिनका विवरण निम्न प्रकार है :-

| क्र. सं. | नाम आवेदक | स्थान | क्षेत्रफल (वर्गमीटर में) | प्रयोजन |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री सोरव पुरोहित पुत्र श्री कैलाश पुरोहित | खाटूश्यामजी | 371.55 | आवासीय |
| 2 | STEPHEN VINCOM PRIVATE LIMITED 55/6 RABINDRA SARANI, LILUAH, HOWRAH, West Bengal, India जरिये सौरव पुरोहित पुत्र श्री कैलाश पुरोहित | खाटूश्यामजी | 367.89 | आवासीय |
| 3 | श्री निरज टाक पुत्र श्री शंकरप्रसाद टाक | खाटूश्यामजी | 529.54 | आवासीय |
| 4 | श्री राकेश कुमार पुत्र श्री गिरधारी लाल | खाटूश्यामजी | 278.66 | आवासीय |
| 5 | श्री राकेश कुमार पुत्र श्री गिरधारी लाल | खाटूश्यामजी | 126.00 | आवासीय |
| 6 | श्री राकेश कुमार पुत्र श्री गिरधारी लाल | खाटूश्यामजी | 213.36 | आवासीय |
| 7 | श्री मोहन लाल सीमार पुत्र श्री मांगूराम सीमार | खाटूश्यामजी | 296.92 | आवासीय |
| 8 | श्री मोहन लाल सीमार पुत्र श्री मांगूराम सीमार | खाटूश्यामजी | 275.92 | आवासीय |
| 9 | श्री मोहन लाल सीमार पुत्र श्री मांगूराम सीमार | खाटूश्यामजी | 275.92 | आवासीय |
| 10 | श्रीमती संतोष देवी पत्नी श्री बोदूराम | खाटूश्यामजी | 128.20 | आवासीय |
| 11 | श्री सोहन लाल स्वामी पुत्र श्री गीगराज स्वामी | खाटूश्यामजी | 76.80 | आवासीय |
| 12 | श्री मनोज कुमार पुत्र श्री गीगराज स्वामी | खाटूश्यामजी | 74.73 | आवासीय |
| 13 | श्री अनीता देवी पोद्धार पत्नी श्री प्रदीप कुमार पोद्धार | खाटूश्यामजी | 116.12 | आवासीय |
| 14 | श्री अनीता देवी पोद्धार पत्नी श्री प्रदीप कुमार पोद्धार | खाटूश्यामजी | 116.12 | आवासीय |
| 15 | श्री अनीता देवी पोद्धार पत्नी श्री प्रदीप कुमार पोद्धार | खाटूश्यामजी | 116.12 | आवासीय |
| 16 | श्री अनीता देवी पोद्धार पत्नी श्री प्रदीप कुमार पोद्धार | खाटूश्यामजी | 116.12 | आवासीय |
| 17 | श्री अनीता देवी पोद्धार पत्नी श्री प्रदीप कुमार पोद्धार | खाटूश्यामजी | 116.12 | आवासीय |
| 18 | श्री दीपक पुत्र श्री गिरीराज | खाटूश्यामजी | 244.79 | आवासीय |
| 19 | श्री अशोक कुमार शर्मा पुत्र श्री जगदीश प्रसाद शर्मा | खाटूश्यामजी | 278.70 | मिश्रित |
| 20 | श्रीमती अनिता शर्मा पत्नी श्री किशोर कुमार शर्मा | खाटूश्यामजी | 46.82 | आवासीय |

अतः यदि किसी व्यक्ति को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय सबूत के इस आपत्ति सूचना प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के भीतर-भीतर मय सबूत के अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत करे, निर्धारित समयावधि 07 दिवस पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी तथा आवेदक के हक में नियमानुसार पट्टा जारी किये जाने संबंधी कार्यवाही की जावेंगी।

राज.संवाद/सी/26/7497 अधिशाषी अधिकारी


# ईश्वर की कृपा, सेवा और सदाचार से ही मिलता है जीवन में सच्चा शिखर : कमलेश महाराज



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** पशुपतिनाथ मंदिर मुहाना के महंत कमलेश महाराज के सानिध्य में श्याम नगर स्थित निर्माण में मिरेकल परिवार द्वारा धार्मिक आयोजन एवं पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं महाराज ने अपने प्रेरक उद्बोधन में कहा कि जीवन में सच्ची सफलता केवल धन या व्यवसाय की ऊँचाइयों से नहीं बल्कि ईश्वर की भक्ति, सदाचार, सेवा और विनम्रता से प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि जिस कार्य की शुरुआत प्रभु स्मरण, ईमानदारी और परिश्रम से होती है उस पर भगवान की विशेष कृपा बनी रहती है। वहीं वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान शिव का पूजन, हवन एवं आशीर्वाद समारोह संपन्न हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु, उद्योग जगत से जुड़े लोग एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में मिरेकल समूह के संस्थापक हेमेंद्र अग्रवाल, लोकेश अग्रवाल और अमित अग्रवाल ने महंत कमलेश महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि आज वे जिस भी मुकाम पर हैं वह गुरु महाराज की कृपा, भगवान शिव के आशीर्वाद, परिवार की एकजुटता और निरंतर परिश्रम का परिणाम है। उनका मानना है कि जीवन और व्यवसाय में मिलने वाली हर सफलता ईश्वर की कृपा से ही संभव होती है। इस अवसर पर महंत कमलेश महाराज ने कहा कि जीवन में धर्म, सेवा, संस्कार और सत्यनिष्ठा के मार्ग पर चलने वाला व्यक्ति निश्चित रूप से उन्नति प्राप्त करता है। उन्होंने सभी को समाजसेवा, पर्यावरण संरक्षण और मानवीय मूल्यों के प्रति समर्पित रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान मिरेकल परिवार ने सामाजिक दायित्वों के निर्वहन का संकल्प दोहराते हुए पर्यावरण संरक्षण, रोजगार सृजन और समाजहित के कार्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। उन्होंने बताया कि कंपनी हजारों लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण के लिए भी लगातार कार्य कर रही है। धार्मिक अनुष्ठान के समापन पर महंत कमलेश महाराज ने सभी श्रद्धालुओं एवं उपस्थित जनों को आशीर्वचन प्रदान करते हुए उनके सुख, समृद्धि और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का समापन प्रसाद वितरण एवं महाआरती के साथ श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में हुआ।

# गोपुष्टी महायज्ञ व भक्तमाल कथा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** सांगानेर स्थित तिवड़िया बालाजी धाम हनुमान मंदिर मैदान में श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर बालयोगी बालकृष्णदास महाराज के सानिध्य में आयोजित गोपुष्टी महायज्ञ एवं भक्तमाल कथा में गुरुवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कथा के दौरान धार्मिक वातावरण के बीच भजन, प्रवचन और रासलीला का आयोजन आकर्षण का केंद्र रहा। कथा प्रवक्ता आचार्य बालयोगी नोमिनाथ दास महाराज ने भक्तमाल कथा में भगवान श्रीकृष्ण की विभिन्न दिव्य लीलाओं का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने भगवान की जन्म लीला, पूतना वध, गोपियों के साथ रासलीला तथा गोवर्धन लीला सहित अनेक प्रसंगों के माध्यम से श्रद्धालुओं को धर्म, संस्कृति और सनातन मूल्यों का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि यज्ञ और कथा जैसे धार्मिक आयोजनों के माध्यम से नई पीढ़ी को संस्कार प्रदान कर भारतीय संस्कृति और सनातन धर्म की रक्षा की जा सकती है। कथा के दौरान श्रद्धालुओं ने महाराज के मुखारविंद से भजनों का रसास्वादन किया। वहीं शाम को वृंदावन से आए कलाकारों ने मनोहारी रासलीला का मंचन किया, जिसे देखने के लिए देर रात तक श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी रही। इस अवसर पर जोई राम सोई राम महाराज ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में कथा एवं महायज्ञ में पहुंचकर सहयोग करने की अपील की। आयोजकों ने बताया कि 24 जुलाई शुक्रवार को गोपुष्टी महायज्ञ एवं भक्तमाल कथा का समापन होगा। समापन अवसर पर यज्ञ, कथा एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्मलाभ लेने का आग्रह किया गया है।

# एस एस मोदी में हुआ टॉपर्स का सम्मान

सुरेन्द्र शर्मा

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, दिल्ली द्वारा घोषित दसवीं के द्वितीय बोर्ड परीक्षा परिणाम 2026 और बारहवीं के पुनर्मूल्यांकन परिणाम में झुंझुनू के एस एस मोदी विद्या विहार ने उत्कृष्ट परिणाम देते हुए शहर में अपना वर्चस्व कायम रखा है। अव्वल परिणाम को देखकर विद्यालय के प्रबन्धन, स्टाफ, अभिभावक एवं छात्र-छात्राओं में खुशी का माहौल है। प्राचार्य विजय मसीह ने विद्यालय के उत्कृष्ट परिणाम पर सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए टॉपर्स की घोषणा की। उन्होंने बताया कि दसवीं में द्वितीय बोर्ड परीक्षा परिणाम में विभुति हरितवाल ने 98 प्रतिशत अंक से विद्यालय टॉप किया। इसी श्रृंखला में बारहवीं के पुनर्मूल्यांकन के परिणाम में खुशी ने 96.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विज्ञान संकाय में प्रथम स्थान पर रही। विद्यार्थियों ने निरंतर उत्कृष्ट परिणाम देते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया हैं। दोनों अव्वल रहने वाले विद्यार्थियों और अभिभावकगण का सम्मान समारोह में विद्यालय समन्वयक मनीष अग्रवाल, अकादमिक निदेशक रॉय सी पॉल, प्राचार्य विजय मसीह, हिन्दी विभाग प्रभारी बिनेश शेखावत ने मिठाई खिलाकर और माला पहनाकर सम्मान किया। बोर्ड द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम 2026 को देखकर विद्यालय में जश्न का माहौल बना हुआ है। बच्चों ने बेहतर परिणाम देकर विद्यालय व परिजनों का नाम रोशन किया है। विद्यालय के शानदार परीक्षा परिणाम देने पर शहर के सभी गणमान्य विभुतियों के साथ-साथ विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्यों, मुम्बई प्रवासी ट्रस्टी शशिकांत मोदी, गीलूराम मोदी, सौरभ मोदी, प्रियंक मोदी व कनिका मोदी ने सभी को बहुत-बहुत बधाई दी।

# एन.सी.सी. नामांकन 16 अगस्त को

**नोखा ( नवयत्न )।** मांगीलाल बागड़ी राजकीय महाविद्यालय, नोखा में राष्ट्रीय कैडेट कोर (एन.सी.सी.) के सीनियर डिवीजन (बालक) एवं सीनियर विंग (बालिका) के लिए सत्र 2026-27 का नामांकन 16 अगस्त को प्रातः 8 बजे महाविद्यालय परिसर में आयोजित किया जाएगा। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रणवीर सिंह ने बताया कि एन.सी.सी. में प्रवेश के इच्छुक नियमित छात्र-छात्राओं को निर्धारित आवेदन पत्र आवश्यक दस्तावेजों सहित 13 अगस्त 2026 तक महाविद्यालय के कक्ष संख्या 06 की खिड़की में जमा कराना अनिवार्य होगा। अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किए जाएंगे। नामांकन के समय अभ्यर्थियों को स्वप्रमाणित प्रतियों के साथ मूल दस्तावेज भी सत्यापन हेतु प्रस्तुत करने होंगे। चयन प्रक्रिया में शैक्षणिक योग्यता, शारीरिक दक्षता, दस्तावेज सत्यापन एवं साक्षात्कार के आधार पर अंतिम मेरिट सूची तैयार की जाएगी।

## सम्पादकीय

# चर्चा की प्रतीक्षा में संसद



मानसून सत्र के तीसरे दिन भी संसद नहीं चल पाई, क्योंकि कांग्रेस इस पर अड़ गई कि पहले शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान त्यागपत्र दें, क्योंकि उनके इस्तीफे के बिना संसद में नीट पेपर लीक और इससे जुड़े अन्य विषयों पर सही तरह चर्चा नहीं हो पाएगी। यह विचित्र तर्क है और इसका उद्देश्य जानबूझकर ऐसी परिस्थितियां उत्पन्न करना है, जिससे संसद में चर्चा ही न हो सके। उसके इस रवैये से उसकी अंगभीरता का ही पता चलता है।

कांग्रेस का व्यवहार यह भी बता रहा है कि उसका उद्देश्य नीट मसले पर संसद में कोई सार्थक चर्चा करना नहीं, बल्कि हंगामा खड़ा करना है। यही भाव भंगिमा कुछ अन्य विपक्षी दलों की भी दिख रही है। यह भी दिख रहा है कि उनमें इसके लिए होड़ मची है कि कौन छात्र हित की अधिक चिंता करता हुआ दिखे।

इस सबकी नौबत इसलिए भी आई, क्योंकि सरकार ने नीट मसले पर जंतर-मंतर पर धरना दे रहे समूह सीजेपी से समय रहते संपर्क-संवाद करने की आवश्यकता नहीं समझी। उसने यह काम उस दिन किया, जिस दिन संसद का मानसून सत्र शुरू हो रहा था और साथ ही सीजेपी का संसद मार्च भी। यदि सरकार समय पर सक्रिय होती तो संभवत: जो कुछ हुआ और हो रहा है, उससे बचा जा सकता था।

नीट पेपर लीक मामले में शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की जवाबदेही बनती है, लेकिन उनका इस्तीफा समस्या का समाधान नहीं। ध्यान रहे परीक्षा में सेंध नीट का आयोजन करने वाली एजेंसी एनटीए की निगरानी में कमी के कारण लगी। इस तथ्य की भी अनदेखी न की जाए कि उन्हीं परीक्षकों ने पेपर लीक कराए, जिन पर इस परीक्षा की शुचिता बनाए रखने की जिम्मेदारी थी। स्पष्ट है कि यह नैतिक पतन और भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा का भी मामला है।

इसके खिलाफ भी आवाज उठनी चाहिए। शिक्षा मंत्री का त्यागपत्र विपक्ष को संतुष्ट भले कर दे, लेकिन इससे परीक्षा व्यवस्था में सुधार सुनिश्चित नहीं होगा। आज की सबसे बड़ी आवश्यकता परीक्षाओं की पवित्रता बनाए रखने वाले तंत्र का सही तरीके से निर्माण करना है। एनटीए ने ऐसे तंत्र के निर्माण के लिए अभी जो कदम उठाए हैं, वे पर्याप्त नहीं।

विपक्ष को परीक्षाओं की शुचिता सुनिश्चित करने वाले ठोस तंत्र के निर्माण में सरकार को जवाबदेह बनाने के साथ उसका सहयोग भी करना चाहिए। यह तब संभव होगा, जब इस पर संसद में गंभीरता से चर्चा होगी।

संसद के भीतर-बाहर जैसी परिस्थितियां बन गई हैं, उन्हें देखते हुए शिक्षा मंत्री के त्यागपत्र की संभावना इसलिए नहीं, क्योंकि ऐसा होने पर हर छोटे-बड़े मसले पर संबंधित मंत्री के त्यागपत्र की मांग का सिलसिला कायम हो जाएगा। यह सिलसिला सरकार को कमजोर करने के साथ ही उन तत्वों को बल भी देगा, जो अराजकता पर यकीन करते हैं।

## विशेष आलेख

# राजनीति का औजार बनी शिक्षा



दिल्ली में जंतर-मंतर पर शिक्षा मंत्री के इस्तीफे और नीट समेत केंद्रीय परीक्षाओं में गड़बड़ी ठीक करने की मांग करते हुए बैठे समूह कॉकरोच जनता पार्टी यानी सीजेपी के साथ लद्दाख के सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक ने जब अपनी भूख हड़ताल शुरू की तो उनके इस बयान से यही लगा कि वे कुछ आगे का सोच रहे हैं कि शिक्षा मंत्री का इस्तीफा तो महज शुरुआत है। फिर उनसे खास तरह के एक्टिविस्ट और दलीय नेता भी मिलने आने लगे।

सोनम वांगचुक ने जंतर-मंतर पर चल रहे अभियान को राजनीतिक रंग देना शुरू किया। उन्हें अस्पताल ले जाए जाने के बाद सोमवार को उस समूह ने संसद की ओर मार्च किया। उसमें शामिल लोगों द्वारा पथराव में असंख्य पुलिस वाले घायल हो गए। यह सब संदेह पैदा करता है कि शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग के बहाने एक राजनीतिक आंदोलन चलाने की जुगत हो रही है यानी सत्ता परिवर्तन की कोशिश।

अपने आप में राजनीतिक आंदोलन करने या सत्ता बदलना चाहने में कुछ गलत नहीं है, किंतु शिक्षा क्षेत्र और छात्रों को इसका औजार बनाने में दोहरी गलती है। इससे शिक्षा जैसा गंभीर विषय दलीय राजनीति की भेंट चढ़ जाता है। जिस विषय को राजनीति से दूर रखकर सुधारना, संभालना आवश्यक है, वह न केवल उपेक्षित होकर यथावत रह जाता है, बल्कि और बिगड़ने की दिशा में चला जाता है।

वर्ष 1974 से ही अनेक बार देखा जा चुका है कि छात्रों, युवाओं को दलीय राजनीति के लिए इस्तेमाल किया गया। यदि सोनम वांगचुक और उनके साथियों का ऐसा इरादा नहीं था तो उन्हें शैक्षिक मुद्दे पर केंद्रित रहकर पूरा ध्यान उसके विभिन्न पहलुओं पर देना चाहिए था। उसे कड़ाई से दलीय राजनीति से अलग रखते हुए, शैक्षिक क्षेत्र के विशेषज्ञों से विचार करके बेहतरी की कोई रूपरेखा तैयार करनी चाहिए थी।

इससे नीति-निर्माताओं को सहायता भी मिलती। इसके बदले केवल शिक्षा मंत्री का इस्तीफा चाहना कई सवाल खड़े करता है। किसी सच्चे प्रयत्न की सार्थकता तभी होगी, जब शैक्षिक संस्थानों की पवित्रता, शैक्षिक सामग्री की गुणवत्ता, प्रतिभाओं को समुचित प्रोत्साहन, योग्य शिक्षकों को स्थान देना तथा गड़बड़ी के सभी बिंदुओं को दुरुस्त करने पर ध्यान दिया जाए।

इसके बदले एक इस्तीफे की जिद, तरह-तरह के लोगों का जमावड़ा, ऊल-जुलूल उत्तेजक बातें और राजनीतिक आंदोलन चलाने का खुला-छिपा संकेत, यह सब जाने-अनजाने भोले छात्रों-युवाओं को इस्तेमाल करने की मंशा दिखाता है। इसमें शिक्षा की भलाई नहीं है। इस पर गुरुदेव टैगोर ने गांधीजी तक को भी टोका था।

यदि शैक्षिक क्षेत्र को दुरुस्त करना एवं गुणवत्तापूर्ण बनाना है तो उसकी पहली शर्त उसे दलीय राजनीति से दूर रखना है, अन्यथा दलीय राजनीति और सत्ता परिवर्तन की चाह पूरा ध्यान दूसरी चीजों पर लगाएगी। मूल मुद्दा हाशिए पर चला जाएगा। यह पहले भी कई बार, कई स्थानों पर देश-विदेश में हो चुका है। यहां जेपी आंदोलन और अन्ना आंदोलन, दोनों का इतिहास यह साफ-साफ दिखाता है। दोनों ने सामाजिक मुद्दे उठाए, जिसमें बड़ी संख्या में छात्र और युवाओं को जोड़ा गया, जिनमें आदर्श की भावना अधिक होती है, किंतु दोनों बार केवल सत्ता की लालसा रखने वाले नेताओं ने आंदोलन का इस्तेमाल किया। जेपी और अन्ना की पीठ पर चढ़कर मतलबी नेता आगे बढ़ गए। खुद जेपी और अन्ना हजारे भी जल्द ही पीछे छूट गए। उनसे भी पहले वह मुद्दा छूटकर कहीं किनारे हो गया। सत्ता पर नजर रखने वाले तत्वों ने उनका उपयोग कर अपनी मनचाही मुराद पूरी की। जबकि मूल मुद्दा जहां का तहां रह गया।

अन्ना हजारे ने 15 साल पहले इसी जंतर-मंतर पर भ्रष्टाचार के विरुद्ध जो आंदोलन शुरू किया था, उसका क्या हुआ?

क्या आज कोई कह सकता है कि तबसे अब तक भ्रष्टाचार में कुछ अंतर पड़ा? अन्ना आंदोलन इसलिए निष्फल साबित हुआ, क्योंकि किसी मुद्दे की विशिष्टता को गंभीरता से परखने, उसके समाधान की यथार्थ रूपरेखा बनाने आदि की चिंता के बदले केवल प्रचार, हल्ला, आवेश आदि पर ध्यान रहा, जिसका सधे हुए नेताओं ने इस्तेमाल कर लिया।

मुद्दा और अन्ना, दोनों पृष्ठभूमि में चले गए। क्या वांगचुक और उनके साथी इस निकट इतिहास से अनजान हैं? इसका उत्तर तो वही जानें, किंतु यह निश्चित है कि किसी भी सामाजिक-सांस्कृतिक विषय को दलबंदी से जोड़ना उसे बिगाड़ देना ही है। शिक्षा के साथ ऐसा होना और दुर्भाग्यपूर्ण होगा, क्योंकि इसमें हजारों भोले छात्रों के सरल विश्वास को चोट लगती है। फिर लगभग एक पूरी पीढ़ी निराशा में डूब जाती है, जब तक कि फिर अगली पीढ़ी आशा से खड़ी हो।

शिक्षा मंत्री के इस्तीफे को %आरंभ% बताकर राजनीतिक दलबंदी का संकेत देने के अलावा और कुछ नहीं। यदि सीजेपी को राजनीतिक दलबंदी करनी है तो शिक्षा को इसका औजार न बनाएं। यदि उसे सचमुच शिक्षा को गुणवत्तापूर्ण और कदाचार रहित बनाने की चिंता है तो वैसे भड़काऊ समर्थकों को %नमस्कार% कर लेना चाहिए, जो किसी न किसी बहाने केवल वर्तमान सरकार को अपदस्थ करना चाहते हैं।

जंतर-मंतर पर दूर-दूर से आए आदर्शवादी छात्रों, युवाओं के साथ ऐसे लोग भी थे, जो उत्तेजना फैलाने और पुलिस-प्रशासन से जानबूझकर टकराव पर आमादा थे। उत्तेजना और टकराव से प्राय: मुद्दा बदल जाने की आशंका रहती है। कुछ आंदोलनकारियों की चाह भी यह रहती है। वे केवल हेडलाइन बनाना और सरकार को डांवाडोल करना चाहते हैं। ऐसा उद्देश्य शिक्षा और छात्रों के हित से अलग है। वस्तुत- वांगचुक और उनके साथियों ही नहीं, सभी जिम्मेदार नेताओं को यह समझना चाहिए कि शिक्षा का क्षेत्र गंभीर विषय है, जिससे सभी देशवासी निरपवाद रूप से प्रभावित होते हैं।

सत्ताधारी और विपक्ष, दोनों के विवेकशील नेताओं को शिक्षा को राष्ट्रीय विषय मान कर ही अपना व्यवहार रखना चाहिए, ताकि यह संकीर्ण स्वार्थों की चपेट से बचा रहे। अन्यथा यह देश के एक सबसे मूल्यवान स्रोत को ही दूषित करने जैसा है। इसके दुष्परिणाम सभी के लिए हानिकारक होंगे।

## आज का राशिफल

### मेष

आज घर-परिवार में किसी मांगलिक आयोजन की रूपरेखा बनेगी। किसी व्यावसायिक काम के लिये यात्रा पर जा सकते हैं। विद्यार्थी अपना समय अध्ययन में लगायेंगे। आप चुस्त-दुरुस्त बने रहेंगे। आपको भाग्य का पूरा-पूरा सहयोग मिलेगा।

### वृष

खुद को ज्यादा आशावादी बनने के लिए प्रेरित करें। इससे न सिर्फ़ आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा और व्यवहार लचीला होगा, बल्कि डर, ईर्ष्या और नफरत जैसे नकारात्मक मनोभावों में भी कमी आएगी। आप अच्छा पैसा बना सकते हैं, बशर्ते आप पारंपरिक तौर पर निवेश करें।

### मिथुन

अपनी खुशियों को दूसरों के साथ साझा करना आपकी सेहत को भी बेहतर करेगा। लेकिन ख़याल रखें कि इसे नजरअंदाज़ करना बाद में भारी पड़ सकता है। शाम के समय सामाजिक गतिविधियां उससे कई बेहतर रहेंगी, जितनी आपने उम्मीद की थी।

### कर्क

आपकी लगन और मेहनत पर लोग ग़ौर करेंगे और आज इसके चलते आपको कुछ वित्तीय लाभ मिल सकता है। दोस्तों और परिवार के सदस्यों के साथ शाम के आयोजन में शिरकत करें। पार्टनर की भावनाओं को समझेंगे तो आपका रिश्ता और भी अधिक मजबूत होगा।

### सिंह

पैसे से जुड़ा कोई भी फैसला करने से पहले एक बार फिर सोच लें ताकि हालात संभले रहें। आज नया वाहन और नया घर खरीद सकते है। आपको अपने परिवार का भरपूर साथ मिलेगा। वैवाहिक जीवन में मुद्दों को सुलझाने की दिशा में काम करने में समझदारी हो सकती है।

### कन्या

आज आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा आपको करियर में तरक्की मिलेगी और परिवार में खुशियां आएंगी। आपको गुस्सा करने से बचना होगा और खासकर किसी ऐसी बात से बचना होगा जो किसी का दिल दुखाए। आस्था और विश्वास से काम पूरे होंगे।

### तुला

दिन की शुरूआत अच्छी रहेगी। जिम्मेदारियों का निर्वहन करेंगे। थोड़ी सी तकलीफों पर अगर ध्यान न दे तो यह दिन आपके लिए शुभ होगा। आज भाग्य पूरी तरह से आपका साथ देगा। पुराने दोस्तों से मुलाकात होने की भी संभावना है। कार्यक्षेत्र में काम का बोझ बना रहेगा।

### वृश्चिक

आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। बिजनेस में कुछ नया करने की कोशिश करेंगे। इसमें आप सफल भी होंगे। आपको मनचाहा परिणाम मिलेगा। दाम्पत्य जीवन में आपसी सामंजस्य उत्तम रहेगा। आज घर-परिवार में किसी मांगलिक आयोजन की रूपरेखा बनेगी।

### धनु

आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आप व्यापार में योजनाबद्ध तरीके से काम कर सकते हैं। खाने की चीज के प्रति आपका अधिक लगाव हो सकता है। आपके घर-परिवार का वातावरण शांतिदायक रहेगा। आपके सोचे हुए काम पूरे होंगे। दूसरों के साथ खुशी बांटने से सेहत और खिलेगी।

### मकर

आज रुके कार्यों को गति मिलेगी। कार्यक्षेत्र में काम का बोझ बना रहेगा। पार्टनर की भावनाओं को समझेंगे तो आपका रिश्ता और भी अधिक मजबूत होगा, आपको अपनी किस्मत का पूरा साथ मिलेगा। विद्यार्थियों को करियर से जुड़ा कोई अहम फैसला लेना पड़ सकता है।

### कुंभ

आज आपकी पारिवारिक उलझनें बढ़ सकती हैं। अत्यधिक क्रोध से आपका कोई बना हुआ कार्य बिगड़ सकता है। आपको अपने गुस्से पर नियंत्रण रखने की जरूरत है। आपके दाम्पत्य जीवन में नई चेतना का संचार हो सकता है। आज रुके कार्यों को गति मिलेगी।

### मीन

मजबूती और निडरता का गुण आपकी मानसिक क्षमताओं में इजाफा करेगा। किसी भी तरह के हालात को काबू में रखने के लिए इस रफ़्तार को बरकरार रखिए। बैंक से जुड़े लेन-देन में काफी सावधानी बरतने की जरूरत है। सेहत के मामले में आप फिट रहेंगे।

## स्वास्थ्य समाचार

# क्या बच्चों के लिए सुरक्षित होता है मखाना?

मखाना बच्चों के लिए बहुत ही हेल्दी माना जाता है। इसके सेवन से बच्चों को भरपूर रूप से पोषण मिलता है। बढ़ते बच्चों के बेहतर विकास के लिए आप उन्हें नियमित रूप से मखाना दे सकते हैं। इससे उनके शरीर को भरपूर रूप से कैल्शियम प्राप्त होता है। साथ ही मांसपेशियों का विकास भी अच्छे से होता है, लेकिन ध्यान रखें कि बच्चों को अधिक मात्रा में मखाना न दें। अधिक मात्रा में बच्चों को मखाना देने से उनके शरीर को नुकसान भी पहुंच सकता है।



### मखाना से बच्चों को होने वाले नुकसान

मखाना बच्चों के लिए फायदेमंद होता है। हालांकि, अधिक मात्रा में इसका सेवन करने से आपके बच्चों को नुकसान पहुंच सकता है। इसलिए सीमित मात्रा में बच्चों को मखाना दें।

### क्या बच्चों के लिए मखाना सुरक्षित है

मखाना बच्चों के लिए सुरक्षित होता है। इस आप अपने बच्चों को कई तरह से दे सकते हैं। अधिकतर पेरेंट्स बच्चों को मखाना रोस्ट करके देते हैं। इसके अलावा अगर आपके बच्चे का दांत सही तरीके से नहीं आया है, तो इस स्थिति में आप उन्हें मखाना खीर के रूप में भी दे सकते हैं। इसके अलावा मखाना कई अन्य तरीकों से भी दिया जा सकता है। हालांकि, ध्यान रखें कि बच्चों को अधिक मात्रा में मखाना न दें। दरअसल, मखाना फाइबर की अधिकता होती है, जिसकी वजह से बच्चों को कई तरह की समस्याएं हो सकती हैं।

### क्या मखाना खाने से बच्चों को हो सकती है गैस की समस्या?

एक्सपर्ट का कहना है कि सीमित मात्रा में मखाना खाने से बच्चों को गैस की परेशानी नहीं होती है। हालांकि, अगर आप उन्हें काफी ज्यादा मखाना



खिलाते हैं, तो इससे उन्हें गैस, अपच जैसी परेशानी हो सकती है। दरअसल, मखाना फाइबर से भरपूर होता है, ऐसे में बच्चों को अधिक मात्रा में मखाना देने से उनका पाचन बिगड़ सकता है।

### क्या मखाना खाने से बच्चों को वजन बढ़ता है?

बच्चों को नियमित रूप से मखाना देने से बच्चों का हेल्दी वेट गेन हो सकता है। साथ ही उनकी इम्यून पावर भी बूस्ट हो सकती है। 6 माह से ऊपर के बच्चों को नियमित रूप से मखाना रोस्ट करके दिया जा सकता है। हालांकि, ध्यान रखें कि बच्चों को सीमित मात्रा में ही मखाना दें।

### क्या मखाना शरीर को गर्म करता है?

मखाना की तासीर गर्म होती है। ऐसे में अगर आप अपने बच्चों को अधिक मात्रा में मखाना खिलाते हैं, तो उन्हें यह गर्म कर सकता है। इसलिए कोशिश करें कि 1 दिन में 10 से 20 मखाना ही बच्चों को दें।

# बच्चों को एक्टिव रखने के लिए माता-पिता अपनाएं यह तरीके, दिनभर नहीं करेंगे तंग

आज के समय में बच्चों का एक्टिव और ऊर्जावान होना बेहद जरूरी है। इससे उनके विकास पर भी असर पड़ता है। वहीं अगर बच्चे सुस्ती महसूस करते हैं तो इसका असर उनकी ग्रोथ पर भी पड़ सकता है। ऐसे में माता-पिता की जिम्मेदारी है कि वे बच्चों को एक्टिव रखने के लिए कुछ तरीकों की मदद लें। बता दें कि बच्चों की दिनचर्या में थोड़ा सा बदलाव करके उन्हें एक्टिव रखा जा सकता है।

### सीढ़ियां चढ़ने के लिए बोलें

बच्चों को एक्टिव रखने का सबसे अच्छा तरीका है उन्हें सीढ़ी चढ़ने के लिए कहें। इससे ना केवल बच्चे एक्टिव फील करेंगे बल्कि उनकी सुस्ती भी भाग जाएगी। ऐसे में आप बच्चे को किसी काम के लिए कह सकते हैं। या आप खुद भी उनके साथ इस एक्टिविटी को अपना सकते हैं। ऐसा करने से आप भी खुद को एक्टिव महसूस करेंगे और बच्चे आपको देख-दखकर आगे बढ़ेंगे।

### डिनर के बाद जाएं बाहर

आज के समय में माता-पिता डिनर के बाद टेलीविजन देखने बैठ जाते हैं। ऐसे में उन्हें देखा-देख बच्चे भी यही पैटर्न अपनाना शुरू कर देते हैं। ऐसे में सबसे पहले माता-पिता को अपनी आदत बदलनी होगी। उसके बाद ही वे अपने बच्चों की आदत बदल पाएंगे। खाना खाने के बाद घूमने जाएं, जिससे ना केवल बच्चों में अच्छी आदत पैदा होगी बल्कि उनकी सुस्ती भी दूर हो जाएगी।

### स्कूल से घर कर जाएं पैदल

अगर बच्चों का स्कूल पास है तो किसी व्हीकल लेने की बजाय उसे पैदल छोड़ने जाएं। इससे भी उसके अंदर ऊर्जा का संचार



होगा और वो पैदल चलन के लिए प्रेरित होगा। बता दें कि पैदल चलने से ना केवल बच्चे की शारीरिक गतिविधि का विकास होगा ब्लकि वे एक्टिव भी रहेंगे। इससे अलग यदि आप बच्चे के साथ मार्केट जा रहे हो तो ऐसे में खुद भी पैदल जाने की कोशिश करें।

### बच्चों की लें घर के कामों में मदद

अगर माता-पिता बच्चों की मदद घर के काम में लेंगे तो इससे ना केवल उन्हें एक्टिव रहने में मदद मिलेगी बल्कि घर के कामों में बच्चों की भागीदारी भी बढ़ेगी। ऐसे में माता-पिता बच्चों से बर्तन धुलवा सकते हैं या कार साफ करने के लिए कह सकते हैं।

### डांसिंग क्लास में हिस्सेदारी

बच्चे को एक्टिव बनाने के लिए डांस क्लास आपके बेहद काम आ सकती है। कई शारीरिक गतिविधियां इसमें शामिल होती हैं, जिससे बच्चे की ना केवल एक्सरसाइज हो जाती है बल्कि वो एक्टिव भी महसूस कर सकता है। इससे अलग डांस क्लास के अलावा माता-पिता बच्चों को साइकिल के लिए भेज सकते हैं या उनसे रनिंग के लिए भी बोल सकते हैं। इससे वे एक्टिव रहने के लिए प्रेरित होंगे।



# बाजू और छाती का वजन बढ़ाने के लिए अपनाएं यह उपाय

कुछ लोगों के पेट, पैरों और फेस पर तो अच्छी चर्बी होती है, लेकिन इनकी तुलना में हाथ और छाती काफी कमजोर और पतले नजर आते हैं। ऐसे में अकसर लोग सप्लीमेंट लेना शुरू कर देते हैं, लेकिन इससे हाथ और छाती का नहीं, बल्कि पूरे शरीर का ही वजन बढ़ने लगता है। अगर आप सिर्फ अपने हाथों और छाती को मजबूत बनाना चाहते हैं या फिर इनकी मसल्स गेन करना चाहते हैं, तो कुछ उपाय आजमा सकते हैं। इससे आपकी मसल्स स्ट्रॉन्ग बनेंगी और आपकी बॉडी एक जैसी नजर आएगी।

### पुशअप्स करें

- पुशअप्श एक्सरसाइज से आप अपने बाजू और छाती का वजन बढ़ा सकते हैं।
- इसे करने के लिए आप पेट के बल लेट जाएं।
- पैरों और कमर को बिल्कुल सीधा रखें।
- अब अपने हथेलियों को कंधों के समान रखें।
- इसके बाद हाथों पर वजन डालते हुए सिर से लेकर एड़ी तक शरीर को ऊपर उठाएं।
- फिर शरीर को नीचे लेकर जाएं और ऊपर उठाएं।
- पुशअप्स लगाते समय कोर को टाइट रखें।
- आप इस तरह से 15-20 रेप्स लगा सकते हैं।
- रेगुलर पुशअप्स लगाने से वजन बढ़ाने में मदद मिल सकती है।

### डिक्लाइन बेंच प्रेस

- डिक्लाइन बेंच प्रेस एक्सरसाइज करने से आपको अपने बाजू और सीने का वजन बढ़ाने में मदद मिल सकती है। इस एक्सरसाइज को आप आसानी से घर पर भी कर सकते हैं।

## बीडीके में प्रसव सखी हेल्प डेस्क, एक ही जगह पूरी सहायता



संजय सोनी

**झुंझुनू (नवयत्न)।** जिले के सबसे बड़े राजकीय बीडीके अस्पताल में गर्भवती महिलाओं को बेहतर प्रसव सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रसव सखी हेल्प डेस्क की शुरुआत की गई है। पीएमओ एवं अतिरिक्त अधीक्षक डॉ जितेंद्र भाम्बू द्वारा इस हेल्प डेस्क का शुभारंभ किया गया। इस दौरान प्रमुख विशेषज्ञ डॉ पुष्पा रावत, डॉ सिद्धार्थ शर्मा, डॉ श्वेता, डॉ नावेद, डॉ संजय कुमार, लेबर रूम प्रभारी रूपकला, गायत्री एवं सरोज सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहे। यह हेल्प डेस्क गर्भवती महिलाओं और उनके परिजनों के लिए अस्पताल में प्रथम संपर्क बिंदु के रूप में कार्य करेगा, जहां उन्हें प्रवेश से लेकर डिस्चार्ज तक हर चरण में मार्गदर्शन और सहायता मिलेगी। प्रसव सखी हेल्प डेस्क के माध्यम से अस्पताल आने वाली गर्भवती महिलाओं को निर्धारित प्रसव कक्ष या आपातकालीन इकाई तक पहुंचाने में सहायता दी जाएगी। साथ ही पंजीकरण, चिकित्सकीय परामर्श, आवश्यक जांच, भर्ती प्रक्रिया, सिजेरियन या जटिल प्रसव तथा ब्लड बैंक से समन्वय जैसी सभी व्यवस्थाओं में सहयोग किया जाएगा। इसके अलावा प्रसवोत्तर वार्ड में देखभाल, किसी भी आपात स्थिति में सहायता, नवजात शिशु से संबंधित जानकारी तथा प्रसूता के डिस्चार्ज तक हर प्रकार की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। डिस्चार्ज के समय दवाइयों, फॉलोअप, टीकाकरण एवं प्रसवोत्तर देखभाल की जानकारी भी प्रसव सखी के माध्यम से दी जाएगी। प्रसूति विभाग की डॉ प्रियंका शेखसरिया ने बताया कि प्रसव सखी व्यवस्था का उद्देश्य गर्भवती महिला को अस्पताल में प्रवेश से लेकर प्रसव और उसके बाद की पूरी प्रक्रिया में सहज, समन्वित और निरंतर सहायता उपलब्ध कराना है। इस हेल्प डेस्क के संचालन के लिए अस्पताल की महिला कार्मिकों, नर्सिंग छात्राओं एवं इंटर्नशिप कर रही छात्राओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है ताकि गर्भवती महिलाओं को समय पर सही दिशा-निर्देश और सहयोग मिल सके।

## जयपुर में विशेष नाकाबंदी अभियान में 4 हजार 762 वाहनों की हुई जांच

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर पुलिस महानिदेशक डीजीपी के विशेष अभियान के तहत जयपुर पुलिस कमिश्नरेट के चारों पुलिस जिलों में व्यापक स्तर पर विशेष नाकाबंदी अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान 68 नाकाबंदी पॉइंट पर 4 हजार 762 वाहनों की जांच की गई और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 1,079 वाहन चालकों के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम एमवी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। यह अभियान पुलिस आयुक्त सचिन मित्तल के निर्देशन तथा विशेष पुलिस आयुक्त ओम प्रकाश के सुपरविजन में चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य अपराधियों की धरपकड़, संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की सघन जांच तथा यातायात नियमों की प्रभावी पालना सुनिश्चित करना रहा। पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने बताया कि अभियान के दौरान पुलिस ने 2,800 दोपहिया और 1,962 चौपहिया, कुल 4,762 वाहनों की जांच की। कार्रवाई के तहत शराब पीकर वाहन चलाने वाले 85, बिना हेलमेट 648, बिना सीट बेल्ट 49, वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग करने वाले 8, मानकों के अनुरूप नंबर प्लेट नहीं होने या बिना नंबर प्लेट वाले 41 तथा काली फिल्म लगे 29 वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की गई। इसके अलावा अन्य यातायात नियमों के उल्लंघन पर 219 चालान किए गए। पुलिस कमिश्नर ने बताया कि विशेष अभियान के तहत पूर्व जिले में 20 नाकाबंदी पॉइंट पर 2,115 वाहनों की जांच कर 612 एमवी एक्ट की कार्रवाई की गई। पश्चिम जिले में 19 नाकाबंदी पॉइंट पर 1,125 वाहनों की जांच के दौरान 242 कार्रवाई की गई। उत्तर जिले में 14 नाकाबंदी पॉइंट पर 660 वाहनों की जांच कर 132 चालान बनाए गए, जबकि दक्षिण जिले में 15 नाकाबंदी पॉइंट पर 862 वाहनों की जांच के दौरान 93 एमवी एक्ट की कार्रवाई की गई। पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने बताया कि डीजीपी राजस्थान के निर्देशानुसार अपराधों की रोकथाम, कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने तथा यातायात अनुशासन सुनिश्चित करने के लिए इस प्रकार के विशेष नाकाबंदी एवं सघन जांच अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे। उन्होंने आमजन से यातायात नियमों का पालन करने और पुलिस का सहयोग करने की अपील की।

## राजस्थान पुलिस एसआई भर्ती की शारीरिक दक्षता परीक्षा तीन अगस्त से

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** राजस्थान लोक सेवा आयोग आरपीएससी की ओर से आयोजित उप निरीक्षक/प्लाटून कमांडर सीधी भर्ती परीक्षा-2025 के लिखित परीक्षा परिणाम के बाद भर्ती प्रक्रिया का अगला चरण शुरू होने जा रहा है। लिखित परीक्षा में सफल 20,798 अभ्यर्थियों की शारीरिक दक्षता परीक्षा पीईटी 3 अगस्त से 12 अगस्त 2026 तक प्रदेश के आठ रेंज मुख्यालयों पर आयोजित की जाएगी। इसके लिए प्रवेश-पत्र जल्द जारी किए जाएंगे। उप महानिरीक्षक पुलिस भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड मनोज कुमार ने बताया कि आरपीएससी ने लिखित परीक्षा 5 और 6 अप्रैल 2026 को आयोजित की थी, जिसका परिणाम 19 जून 2026 को घोषित किया गया। अब पुलिस मुख्यालय स्तर पर गठित बोर्ड लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों की शारीरिक दक्षता परीक्षा आयोजित करेगा। उन्होंने बताया कि पीईटी जयपुर दो परीक्षा केंद्र, उदयपुर, कोटा, जोधपुर, भरतपुर, बीकानेर और अजमेर रेंज मुख्यालयों पर होगी। सभी अभ्यर्थियों को निर्धारित तिथि, समय और परीक्षा केंद्र पर अनिवार्य रूप से उपस्थित होना होगा। परीक्षा के दौरान सभी आवश्यक दस्तावेज साथ लाने के निर्देश भी दिए गए हैं, ताकि प्रक्रिया सुचारू रूप से संपन्न हो सके। मनोज कुमार ने बताया कि प्रवेश-पत्र शीघ्र जारी किए जाएंगे, जिन्हें अभ्यर्थी अपनी एसएसओ आईडी के माध्यम से डाउनलोड कर सकेंगे। परीक्षा में शामिल होने के लिए प्रवेश.पत्र के साथ फोटोयुक्त पहचान पत्र लाना अनिवार्य होगा। उन्होंने अभ्यर्थियों को सलाह दी कि वे महानिदेशक पुलिस, राजस्थान के स्थायी आदेश संख्या-10/2025 में निर्धारित पाठ्यक्रम एवं शारीरिक दक्षता मानकों के अनुरूप तैयारी करें। पुलिस भर्ती बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि अभ्यर्थियों को व्यक्तिगत रूप से कोई सूचना नहीं भेजी जाएगी। शारीरिक दक्षता परीक्षा से संबंधित सभी सूचनाएं राजस्थान पुलिस की आधिकारिक वेबसाइट तथा प्रमुख समाचार पत्रों के माध्यम से जारी की जाएंगी। अभ्यर्थियों से नियमित रूप से राजस्थान पुलिस की वेबसाइट का अवलोकन करते रहने की अपील की गई है।

# जयपुर से मेरा अलग ही कनेक्शन है : जुयाल

## भाई तेरा स्टार है के प्रमोशन में छात्रों संग लगाए ठुमके

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** आगामी 30 जुलाई को रिलीज होने जा रही फिल्म भाई तेरा स्टार है के प्रमोशन के लिए अभिनेता राघव जुयाल, अभिनेता विकल्प मेहता, अभिनेत्री निहारिका और निर्माता सुनील रुपानी गुरुवार को जगतपुरा स्थित स्वामी केशवानंद इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एसकेआईटी पहुंचे। फिल्मी सितारों की मौजूदगी से कॉलेज परिसर में उत्साह का माहौल रहा और छात्रों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान राघव जुयाल ने जयपुर से अपने विशेष लगाव का जिक्र करते हुए कहा, जयपुर से मेरा अलग ही कनेक्शन है। एक्टिंग का मेरा पहला आईफा अवॉर्ड भी मुझे यहीं मिला था। यहां के लड़के-लड़कियों का एनर्जी लेवल नेक्स्ट लेवल है। आज तक जितने कॉलेज विजिट किए, उनमें एसकेआईटी सबसे बेहतरीन लगा। ऑडिटोरियम में छात्रों के बीच पहुंचे राघव ने उनसे खुलकर बातचीत कीए सेल्फी ली और उनके साथ हंसी-मजाक किया। छात्रों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से प्रभावित होकर वह स्वयं मंच पर पहुंचे और उनके साथ डांस किया। इस दौरान उन्होंने छात्रों की सराहना करते हुए कहाए ष्आप लोग रियल डांसर हो। राघव ने छात्रों से फिल्म देखने की अपील करते हुए घोषणा की कि जो विद्यार्थी फिल्म का फर्स्ट डे-फर्स्ट शो देखेंगे, उनकी सोशल मीडिया स्टोरी वह अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर साझा करेंगे। कार्यक्रम में अभिनेत्री निहारिका और निर्माता सुनील रुपानी ने भी विद्यार्थियों से संवाद किया और फिल्म से जुड़े अनुभव साझा किए। इस दौरान पूरा एसकेआईटी परिसर बॉलीवुड के रंग में रंगा नजर आया। कॉलेज निदेशक जयपाल मील ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन विद्यार्थियों को मनोरंजन के साथ फिल्म उद्योग से जुड़ने का अवसर भी प्रदान करते हैं। कार्यक्रम में प्रो. अंबर श्रीवास्तव, डॉ. नेहा पुरोहित, प्रो. प्रमोद जैन, डॉ. दीप्ति अरेला सहित अन्य फैकल्टी सदस्यों ने प्रमोशन टीम का गुलदस्ता एवं स्मृति.चिह्न भेंट कर स्वागत किया।

## समस्या समाधान शिविर में लोग हुए लाभान्वित



निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** फोलो अप कैम्प शहरी सेवा शिविर का नगरपरिषद कार्यालय पर आयोजन किया गया, जिसमें वार्ड नं 05 व 06 के लोग लाभान्वित हुए। कार्यवाहक आयुक्त चारवी ने बताया कि शिविर में कृषि भूमि व 69ए के पट्टे की 5, पट्टा नवीनीकरण 4, पत्रावलियों, यूडी टैक्स के आवेदन 6, जीवीपी 7, सीवर कनेक्शन 4, नाली मरम्मत 2, जन्म-मृत्यु व विवाह पंजीयन पत्र 23, स्ट्रीट लाईट 6, ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र 4, पीएम स्वनिधि 3, जन आधार अद्यतन, संशोधन, नये जोड़े गये सदस्य 17, वृक्षारोपण 250, आज जोड़े गये पेशनर्स की संख्या 3, शहरी रोजगार गारंटी योजनान्तर्गत जॉबकार्ड 5 प्रकरण प्राप्त हुए जिनको मौके पर निस्तारित किया गया। विद्युत सप्लाई में व्यवधान 3, ढीले तारों को व्यवस्थित 2, प्रकरण प्राप्त हुए जिनको मौके पर निस्तारण किया गया है। शिविर में निवर्तमान नेता प्रतिपक्ष जयश्री दाधीच, निवर्तमान पार्षद रिछपाल बिजारणियां, दीनदयाल पारीक, रेंवत पंवार, पुरूषोतम शर्मा, निवर्तमान पार्षद प्रतिनिधि मनीष दाधीच, पंकज घासोलिया आदि ने उपस्थित होकर आमजन को शिविर का अधिक से अधिक लाभ लेने हेतु प्रेरित किया। इस मौके पर शिविर सहायक नगर नियोजक उदय सिंह, लेखाकार ओमप्रकाश खीचड़, सहायक अग्निशमन अधिकारी रूप सिंह, वरिष्ठ लिपिक गौतम पारीक, लोकेश जांगिड़ तथा कनिष्ठ लिपिक लोकेश सियोता, फायरमैन देविका, बबिता मीणा, रामनिवास जाट, सुनील विश्नोई, प्रमोद विश्नोई, मुख्यमंत्री शहरी रोजगार गांरटी के जेटीए यतेन्द्र सिंह, लेखा सहायक सरिता बुडानिया, एमआईएस मैनेजर कृष्ण शर्मा, रोजगार सहायक मनीषा व समस्त कम्प्यूटर ऑपरेटर नगर परिषद् तथा चिकित्सा विभाग के नर्सिंग ऑफिसर विष्णू शर्मा, जलदाय विभाग के फिटर शंकर तथा अन्य विभागों के कार्मिक उपस्थित रहे।

# सैनी समाज का प्रथम सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित

निसं



**श्रीमाधोपुर (नवयत्न)।** शहर में माली (सैनी) समाज का पहला सामूहिक विवाह सम्मेलन उत्साह और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न हुआ। अखिल भारतीय माली सैनी विचार संगम संस्थान के तत्वावधान में शहर के जालपाली मोड़ स्थित विवाह गार्डन में आयोजित सम्मेलन में समाज के 6 जोड़े वैदिक मंत्रोच्चार और हिंदू रीति-रिवाजों के साथ परिणय सूत्र में बंधे। समारोह में हजारों की संख्या में समाज बंधुओं और अतिथियों ने नव दंपतियों को आशीर्वाद दिया। विवाह से पूर्व सभी दूल्हों की बारात समिति कार्यालय से घोडियों पर रवाना हुई। डीजे की धुनों पर बारातियों ने जमकर नृत्य किया। विवाह स्थल पहुंचने पर दूल्हों ने तोरण की रस्म निभाई। इसके बाद सजे-धजे मंच पर वर-वधुओं ने एक-दूसरे को वरमाला पहनाई और शुभ मुहूर्त में अग्नि को साक्षी मानकर सात फेरे लेकर वैवाहिक जीवन की नई शुरुआत की। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के पुत्र एवं पूर्व राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन अध्यक्ष वैभव गहलोत ने कहा कि सामूहिक विवाह जैसे आयोजन समाज को एकजुट रखने का सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने महात्मा ज्योतिबा फुले और माता सावित्री बाई फुले के विचारों को अपनाने तथा शिक्षा को समाज के विकास का आधार बताते हुए शिक्षित समाज के निर्माण पर जोर दिया। विशिष्ट अतिथि यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में एकता, सहयोग और आपसी भाईचारे की भावना मजबूत होती है।

**दूर-दराज से पहुंचे लोग**-प्रीतम सिंह सैनी जम्मू कश्मीर अध्यक्ष राष्ट्रीय अध्यक्ष जीएसएस, आजाद सिंह सैनी दिल्ली, सुबे सिंह सैनी दिल्ली, गायत्री सैनी लाखेरी, पुरुषोत्तम सैनी डीडवाना प्रदेश अध्यक्ष जीएसएस, बिरदाराम जैतारण पाली, बहादुरमल सैनी जयपुर कोषाध्यक्ष माली महासभा, बिमला सैनी जयपुर, राम कल्याण सैनी अध्यक्ष माली सैनी समाज बस्सी, गिर्राज कंछला लालसोट सैनी समाज अध्यक्ष, गंगासहाय सैनी बस्सी, सरोज सैनी बस्सी, गुड्डु सैनी प्रदेश प्रवक्ता भाजपा, राम सिंह सैनी उपाध्यक्ष ऑल इंडिया सैनी समाज पावटा, मीना सैनी कांवट, कैलाश सैनी मालाखेड़ा अलवर, रोहिताश सैनी मंडावरा, गणेश राम सैनी शाहपुरा, नाथूलाल सैनी ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष शाहपुरा, शंकर लाल सैनी नायन, डॉ अजय सैनी जयपुर, शिंभुदयाल सैनी व्याख्याता अजीतगढ़, रामावतार लाठा दिवराला, राम प्रकाश सैनी थोई, डॉक्टर ग्यारसी लाल सैनी समाज अध्यक्ष थोई, फूलचंद कॉमरेड, बद्री प्रसाद सैनी नेताजी, बनवारीलाल सैनी दिवराला, डॉक्टर मंगल यादव, भाजपा नेता श्याम चौधरी, बलराम यादव, पूर्व पीसीसी सचिव बालेंदु सिंह शेखावत आदि लोग पहुंचे।

**विवाह समिति को 11 लाख दिए**-संस्थान अध्यक्ष मोहनलाल सैनी, विवाह समिति अध्यक्ष रामगोपाल सैनी और संस्थान महामंत्री रूड़मल सैनी ने बताया कि कार्यक्रम में कांग्रेस नेता बलराम यादव ने विवाह समिति को 11 लाख रुपए की सहयोग राशि दी। वहीं सैनी समाज सहित सर्व समाज के भामाशाहों ने कन्यादान में बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाते हुए नव दंपतियों को फ्रीज, कूलर, बेड, सिलाई मशीन, सोने-चांदी के आभूषण और अन्य घरेलू उपयोग की सामग्री भेंट की तथा विवाह समिति को आर्थिक सहयोग दिया। विवाह समिति ने सभी अतिथियों का सम्मान किया। मंच संचालन हरफूल सैनी निराला, कालूराम सैनी व राघव पवार लक्ष्मणगढ़ ने किया। इस मौके पर कार्यकर्ता राकेश सैनी, विक्रम सैनी, भोलाराम सैनी पीटीआई, घासीराम सैनी, चंद्र प्रकाश, डॉ विक्रम सैनी, महेंद्र खडोलिया पत्रकार, राजेंद्र कुमार सैनी, पीडी सैनी, राजू बागवान, विनेश सैनी, ओम प्रकाश सैनी, रामनाथ सैनी बाबूजी, पूरणमल सैनी, सीताराम सैनी पूर्व वैज्ञानिक, नंदकिशोर सैनी पार्षद साहित्य कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित




निसं

**नीमकाथाना (नवयत्न)।** कस्बे के जांगिड़ हॉस्पिटल एवं ट्रॉमा सेंटर में गुरुवार को निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। शिविर में दूर दराज से आए हुए 54 मरीजों की निःशुल्क बीएमडी एवं विटामिन डी 3 लेवल की जांच की गई। बोन मिनरल डेंसिटी हड्डियों के मजबूती को दर्शाता है। विटामिन डी 3 कैल्शियम के अवशोषण एवं हड्डियों के मिनिरलाइजेशन के लिए आवश्यक है। जिन मरीजों का विटामिन डी 3 लेवल एवं बोन मैरो डेंसिटी लेवल कम था उनको डॉक्टर राजेश जांगिड़ वरिष्ठ हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ एवं डॉक्टर मौसमी जांगिड़ दंत रोग विशेषज्ञ ने कैल्शियम एवं विटामिन डी 3 की दवाईयां लेने, धूप सेवन करने की सलाह दी। डॉ जांगिड़ ने बताया धूप सेवन से त्वचा विटामिन डी 3 का संश्लेषण करती है। कम बीएमडी वाले मरीजों को दूध, हरी सब्जियां, फल, खजूर, सीताफल आदि का सेवन करना चाहिए। योग, व्यायाम एवं संतुलित आहार से हड्डियों एवं जोड़ों को मजबूत बनाने की सलाह दी ताकि भविष्य में होने वाले कमर दर्द, जोड़ दर्द एवं फैक्चर से बचा जा सके। इस शिविर में रमेश, तेजवीर, अनीश, रणवीर, विकास, रामस्वरूप, रोहन, समर्थ आदि ने सहयोग किया।

## मुख्य पेयजल पाइपलाइन टूटने से हजारों लीटर पानी बर्बाद



निसं

**खेतड़ी (नवयत्न)।** खेतड़ी-सिंघाना रोड स्थित नानूवाली बावड़ी के खरकड़ा मोड़ के पास नगरपालिका प्रवेश द्वार के निकट मुख्य पेयजल पाइपलाइन टूट जाने से हजारों लीटर पेयजल लगातार व्यर्थ बह रहा है। पाइपलाइन से तेज गति से निकल रहा पानी सड़क किनारे फैलने से न केवल पेयजल की भारी बर्बादी हो रही है बल्कि राहगीरों और वाहन चालकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में पहले से ही समय-समय पर पेयजल संकट की स्थिति बनी रहती है। कई इलाकों में लोगों को पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध नहीं हो पाता, ऐसे में मुख्य पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने से हजारों लीटर स्वच्छ पेयजल का बह जाना चिंता का विषय है। लोगों का आरोप है कि सूचना दिए जाने के बावजूद संबंधित विभाग की ओर से समय रहते मरम्मत नहीं करवाई गई, जिससे लगातार पानी की बर्बादी हो रही है। ग्रामीणों और राहगीरों ने बताया कि पाइपलाइन से बह रहा पानी सड़क पर जमा होने से आवागमन भी प्रभावित हो रहा है। यदि जल्द मरम्मत नहीं करवाई गई तो स्थिति और गंभीर हो सकती है। लोगों ने कहा कि जल संरक्षण की लगातार अपील की जाती है लेकिन इस प्रकार की तकनीकी लापरवाही से अमूल्य पेयजल व्यर्थ बहना चिंताजनक है। स्थानीय नागरिकों ने जलदाय विभाग एवं संबंधित अधिकारियों से मांग की है कि क्षतिग्रस्त मुख्य पेयजल पाइपलाइन की तत्काल मरम्मत करवाई जाए ताकि पानी की बर्बादी रोकी जा सके और क्षेत्र के लोगों को भविष्य में पेयजल आपूर्ति प्रभावित न हो। लोगों का कहना है कि समय पर कार्रवाई होने से न केवल हजारों लीटर पानी बचाया जा सकेगा बल्कि आमजन को होने वाली असुविधा से भी राहत मिलेगी। जल संरक्षण को लेकर गंभीरता दिखाते हुए विभाग से शीघ्र समाधान की उम्मीद जताई गई है।

# गलत नीतियों के कारण प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में लाखों किसान अब भी बीमा सुरक्षा से वंचित : ओला

संजय सोनी




**झुंझुनू (नवयत्न)।** झुंझुनू सांसद बृजेंद्र सिंह ओला ने लोकसभा में अतारांकित प्रश्न के माध्यम से प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के प्रभावी क्रियान्वयन, कम बीमा कवरेज तथा किसानों के बीमा दावों से जुड़े मुद्दे उठाए। सांसद ने बताया कि किसान द्वारा प्रीमियम जमा कराने के बावजूद किसानों को क्लेम से वंचित किया जाता है। या बहुत ही न्यून क्लेम दिया जा रहा है जो कि किसान के साथ अन्याय है। फसल बीमा योजना में कम कवरेज और तकनीकी खामियों पर सांसद बृजेंद्र सिंह ओला ने उठाए सवाल। सांसद ने कहा कि सरकार के उत्तर से स्पष्ट है कि राजस्थान सहित देश के कई राज्यों में बड़ी संख्या में किसान अब भी फसल बीमा से वंचित हैं। वर्ष 2025-26 में राजस्थान के कुल सकल फसल क्षेत्र का केवल 36 प्रतिशत तथा झुंझुनूं जिले का 42 प्रतिशत कृषि क्षेत्र ही बीमा के दायरे में है। इससे स्पष्ट है कि बड़ी संख्या में किसान अब भी प्राकृतिक आपदाओं के समय आर्थिक जोखिम उठाने को मजबूर हैं। उनको बीमा से जानबूझकर वंचित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार ने स्वीकार किया है कि तकनीकी कारणों से किसानों के बीमा आवेदन अस्वीकृत होते हैं लेकिन निरस्त आवेदनों की संख्या नहीं बताई गई। यदि पात्र किसान केवल तकनीकी या प्रक्रियागत कारणों से योजना के लाभ से वंचित रह जाते हैं तो यह योजना के क्रियान्वयन की गंभीर कमी है। सांसद ने यह भी कहा कि केंद्र सरकार अन्य राज्य स्तरीय फसल बीमा योजनाओं को वित्तीय सहायता नहीं देती, जिससे राज्यों के लिए स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप बेहतर विकल्प विकसित करना कठिन हो जाता है। सांसद ने सरकार से मांग की है कि सभी पात्र किसानों को फसल बीमा के दायरे में लाया जाए, तकनीकी कारणों से आवेदन निरस्त होने की समस्या दूर की जाए, दावों का समयबद्ध एवं पारदर्शी निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा राज्यों को बेहतर फसल बीमा योजनाओं के लिए वित्तीय सहयोग प्रदान किया जाए।

# योग साधकों को 51 तुलसी के पौधों का वितरण

हर्ष सोनी

**झुंझुनू (नवयत्न)।** झुझार सिंह पार्क में आयोजित नियमित प्रातःकालीन योग कक्षा के उपरांत पर्यावरण एवं स्वास्थ्य संरक्षण का संदेश देते हुए पूर्व विधायक उदयपुरवाटी शुभकरण चौधरी के करकमलों से योग साधकों को श्याम चेरेटिबल ट्रस्ट एवं सुदेशना योग समिति द्वारा प्रदत्त 51 गमलों सहित तुलसी के पौधों का वितरण किया गया। साथ ही पार्क परिसर में झुझार सिंह संस्थान द्वारा पौधरोपण भी किया गया। कार्यक्रम में पतंजलि योग समिति के राज्य प्रभारी पवन कुमार, झुझार सिंह संस्थान के अध्यक्ष सुरेश जाखड़, सचिव महेंद्र चौधरी की गरिमामयी उपस्थिति रही। उन्होंने योग, आयुर्वेद एवं पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी से अधिक से अधिक पौधे लगाने एवं उनकी नियमित देखभाल करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में स्वर्गीय सुदेश के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए सामूहिक प्रार्थना की गई। इस अवसर पर सूबेदार शेर सिंह खरडिया को साफा पहना कर एवं माल्यार्पण कर स्वागत भी किया गया। उपस्थित सभी योग साधकों ने पर्यावरण संरक्षण तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर रामदेव सिंह, राजेंद्र कुमावत पूर्व शिक्षा अधिकारी, डॉ सम्पत बारूपाल, संजय अग्रवाल, राजकुमार सिंह झाझाड़िया, रामनिवास जिनोलिया, विजय गोपाल मोडसरा, विनोद पुजारी, जितेन्द्र टीबड़ा, डूंगर मल कुमावत, कमल मारु, मनीराम कुल्हरी, सुरेश जाखड़, महेंद्र मुंड, डॉ प्रीतम सिंह, विमला बेनीवाल, संतोष कँवर, लता नेहरा, सुमन मंडीवाल, संतोष राव, सरिता, इंदु देवी, शमीम बानो, शेर सिंह नेहरा, कमल मारु, अमीलाल मुंड, विक्रम सिंह, ब्रजलाल कुमावत, भागीरथ सिंह, रजनी जिनोलिया, विजय कुमार जाखड़ भी उपस्थित रहे।

# सीएलजी की बैठक आयोजित

निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** राजगढ़ एएसपी रिछपाल सिंह की अध्यक्षता में कस्बे की कानून व्यवस्था को लेकर तारानगर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित हुई जिसमें यातायात व्यवस्था, गश्त बढ़ाने, बढ़ते अपराध को रोकने सहित कस्बे की कानून व्यवस्था को लेकर चर्चा की गयी। एएसपी रिछपालसिंह चारण ने समिति के सदस्यों से कहा कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में शांति बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें। डीएसपी रोहित सांखला ने कहा कि सोशल मीडिया पर फैलने वाली अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी तरह की भ्रामक सूचना मिलने पर तुरंत पुलिस को अवगत कराएं। थानाधिकारी पुष्पेंद्र सिंह ने कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखने में आमजन का सहयोग जरूरी है। पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है और शांति भंग करने वालों के खिलाफसख्त कार्रवाई की जाएगी। इस



मौके पर अमरसिंह चारण, मोहरसिंह ज्याणी, बाबू हुसैन कुरैशी, एएसआई सुमेरसिंह मीणा, एचएम लीलाराम, हरी इंदौरिया, सुरेश कुमार, राजेंद्र, राजू नायक, वीरबहादुर सिंह राठौड़, त्रिलोक रेगर सहित सीएलजी के सदस्य व पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## महिला सुरक्षा संकल्प अभियान : राजस्थान पुलिस ने 7 हजार 834 बुजुर्ग महिलाओं व दंपत्तियों से की मुलाकात

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा के निर्देशन में चलाए जा रहे महिला सुरक्षा संकल्प अभियान के तहत राजस्थान पुलिस ने प्रदेशभर में 7 हजार 834 एकल बुजुर्ग महिलाओं और अकेले रह रहे बुजुर्ग दंपत्तियों के घर पहुंचकर उनसे आत्मीय संवाद किया। पुलिस अधिकारियों और थाना स्तर के पुलिसकर्मियों ने उनका कुशलक्षेम जाना, समस्याएं सुनीं और हर परिस्थिति में पुलिस सहायता का भरोसा दिलाया। डीजीपी राजीव कुमार शर्मा ने बताया कि इस अभियान के दौरान वरिष्ठ नागरिकों को महिला सुरक्षा, साइबर अपराधों से बचाव तथा 112, 1930 और 1090 हेल्पलाइन की जानकारी भी दी गई। जिलेवार आंकड़ों में करौली 960 में सबसे अधिक बुजुर्गों से संपर्क किया गया, जबकि जोधपुर शहर पश्चिम, सवाई माधोपुर, अजमेर, बाड़मेर, बालोतरा, भीवाड़ी, खैरथल-तिजारा, कोटा ग्रामीण सहित सभी जिलों में पुलिस टीमों ने घर-घर जाकर संवाद किया। इस अभियान के दौरान कई मानवीय उदाहरण भी सामने आए। उदयपुर में पुलिस अधीक्षक ने अकेली बुजुर्ग महिला को संपत्ति संबंधी कानूनी अधिकारों की जानकारी देकर उनका भय दूर किया। वहीं एक सेवानिवृत्त कर्नल दंपती ने बिना शिकायत पुलिस के घर पहुंचने पर इस पहल की सराहना की। धौलपुर में पुलिस ने काउंसलिंग कर एक बुजुर्ग को दोबारा परिवार से मिलाया, जबकि झालावाड़ में वरिष्ठ नागरिक शिकायत रजिस्टर के माध्यम से नियमित फॉलोअप की व्यवस्था की गई है। डीजीपी राजीव कुमार शर्मा ने कहा कि राजस्थान पुलिस महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा, सम्मान और विश्वास के लिए प्रतिबद्ध है तथा भविष्य में भी ऐसे जनकल्याणकारी अभियान जारी रहेंगे।

## विद्यार्थियों को किया जागरूक



निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** महिला अधिकारिता विभाग के तत्वावधान में पीजी कॉलेज अजीतगढ़ में डिजिटल और साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान हुआ। कार्यक्रम में ब्लॉक पर्यवेक्षक अभिनव यादव ने छात्रों को खासकर बालिकाओं को साइबर क्राइम और डिजिटल स्कैम के उदाहरण बताए। स्कैम से खुद को सुरक्षित रखने के तरीके व साइबर हेल्पलाइन नम्बर 1930 की जानकारी दी। अजीतगढ़ थाना पुलिस के एएसआई मुकेश ने महिलाओं और बालिकाओं को साइबर अपराध के बढ़ते मामलों की जानकारी दी। नए-नए तरीकों और बचाव के प्रभावी उपाय बताए। कांस्टेबल और साइबर एक्सपर्ट दीपक ने मजबूत पासवर्ड रखने की बात कही। ओटीपी और बैंक से जुड़ी गोपनीय जानकारी किसी से साझा नहीं करने को कहा। सोशल मीडिया को सुरक्षित तरीके से चलाने की सलाह दी। ऑनलाइन धोखाधड़ी पहचानने के तरीके बताए। फेक न्यूज से सावधान रहने की बात कही। डिजिटल माध्यमों का जिम्मेदारी से उपयोग करने पर जोर दिया। हेड कांस्टेबल श्रीकिशन ने डिजिटल सुरक्षा के नियमों का पालन करने की अपील की। परिवार और आस-पास के लोगों को भी डिजिटल सुरक्षा के लिए जागरूक करने को कहा।

## कंप्यूटर साक्षरता कार्यक्रम आयोजित



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** नि:शुल्क कम्प्यूटर शिक्षा को समर्पित स्थानीय नथमल जानकीलाल खेतान कंप्यूटर सेंटर के 19 साल पूरे होने पर कंप्यूटर साक्षरता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त वायु सेना अधिकारी हुणताराम सारण, विशिष्ट अतिथि धर्मेंद्र खेतान, विशेष शिक्षक मंगलाराम गुर्जर, सेवानिवृत्ति बैंक अधिकारी नवरत्न मल छाजेड़ मंचस्थ रहे। अध्यक्षता स्थानीय व्यवस्थापक विजय खेतान ने की। मां सरस्वती की पूजा अर्चना के पश्चात अतिथियों का माल्यार्पण के द्वारा स्वागत किया गया। मुख्य प्रशिक्षक कपिल देव माटा ने खेतान कंप्यूटर सेंटर का परिचय प्रस्तुत किया व बताया कि आज तक सेंटर में 16 हजार छात्र-छात्राएं प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित किए गए एवं एक चार्ट प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें प्रथम द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। हुणता राम सारण ने बच्चों का मार्गदर्शन किया एवं बच्चों को कंप्यूटर साक्षरता के प्रति जागरूक रहने की अपील की।

## बैजनाथ पंवार की जयंती पर की गौसेवा



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** राजस्थानी भाषा के प्रख्यात साहित्यकार रहे स्व. बैजनाथ पंवार की 102वीं जयंती श्री कृष्ण गौशाला में गौसेवा करके मनाई गई। वी एस कॉन्सेप्ट के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में सूर्य भगवान मंदिर माली समाज के अध्यक्ष विक्रम सिंह चोबदार ने कहा कि आज भी युवा पीढ़ी को उनका साहित्य मार्ग दर्शित करता है।

इस अवसर पर गायों को गुड़ और हरा चारा खिलाया गया। कार्यक्रम में सरोज देवी, अधिवक्ता मधु चोबदार, विकास सिंह चोबदार, जयप्रकाश, महेंद्र कुमार, सावित्री, भंवरलाल, किशन, सीताराम टाक, रामचंद्र टाक आदि मौजूद रहे।

## राहुल गांधी सहित संपूर्ण विपक्ष देश में अराजकता और हिंसक गतिविधियों का कर रहे है समर्थन : चतुर्वेदी

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरुण चतुर्वेदी ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि विपक्ष देश में अराजकता का माहौल बनाने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि संसद और प्रधानमंत्री आवास के बाहर धरना देना लोकतांत्रिक मर्यादाओं के खिलाफहै और कांग्रेस पेपर लीक जैसे गंभीर मुद्दे पर चर्चा करने के



बजाय केवल हंगामा करना चाहती है। डॉ. चतुर्वेदी ने कहा कि राहुल गांधी स्पष्ट करें कि विपक्ष लोकतंत्र और कानून व्यवस्था के साथ है या दंगाइयों एवं अराजक तत्वों के साथ। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पेपर लीक मामले पर सदन में चर्चा और फास्ट ट्रैक जांच के लिए तैयार हैं, लेकिन विपक्ष इससे बच रहा है। उन्होंने कांग्रेस पर युवाओं को गुमराह करने का आरोप लगाते हुए कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के कार्यकाल में राजस्थान में 19 पेपर लीक हुए थे, लेकिन उस समय न तो किसी ने इस्तीफा दिया और न ही निष्पक्ष जांच कराई गई। उनके अनुसार कांग्रेस का छात्रों के भविष्य से कोई सरोकार नहीं है और वह केवल राजनीतिक लाभ लेने का प्रयास कर रही है।

## दिव्यांग उम्मेद सिंह को मिली ट्राई साइकिल

नवरतन वर्मा

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ की अजीतसरिया संकल्प सेवा संस्थान में दो साल से पढ़ रहे दिव्यांग उम्मेद सिंह संस्थान में 10 दिनो से संस्थान नहीं आ रहे थे। जब संस्थान के कर्मचारी कविता सोनी द्वारा नहीं आने का कारण पता लगाया, तो उस के घर वालो ने बताया की पुरानी साइकिल टूटने के कारण वह अब संस्थान नहीं आ सकता। संस्थान के सहयोग से तुरंत साइकिल मंगवाकर उम्मेद सिंह व उस के घर वालो को बुला कर उसे साइकिल भेट की। संस्थान कोच दीनदयाल शर्मा ने सभी दिव्यांग बच्चो को स्वस्थ शरीर रखने के लिए अच्छी आदते बताई। संस्थान संचालक कृष्ण मोहन स्वामी ने बताया कि हमारी संस्थान दिव्यांग जनों को नि:शुल्क शिक्षा व खेल क्षेत्र में कार्य करती है।





## हरियालो राजस्थान अभियान के तहत किया पौधरोपण

निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** सम्पूर्ण राजस्थान में चल रहे हरियालो राजस्थान अभियान के तहत नेठवा गांव के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रागंण एवं खेल मैदान में अध्यापकों व छात्रों व ग्रामीणों की ओर से पौधारोपण किया गया। अध्यापकों दवारा लगाये गए चौथों की जिओ टैगिंग कर हरियालो राजस्थान एप पर दर्ज किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य सुरेश कुमार शर्मा, नेठवा पूर्व सरपंच लीलाधर बागोरिया, प्रताप सिंह, मदन सिहं, ओम प्रकाश, सुनील कुमार, संजीव कुमार, जुगलाल, रामदत, में नरेन्द्र कुमार राजेन्द्र कुमार, ज्ञान सिंह एवं छात्र-छात्रा उपस्थित रहे। सभी ने लगाये गए पौधों की देखभाल कर उनमें पानी देने तथा उनको जीवित रखने का संकल्प लिया।

## पीएम-स्वनिधि योजना से रेहड़ी-पटरी विक्रेताओं की बढ़ी आय, व्यापार लाभ में 20% का इजाफा

**नई दिल्ली.** पीएम-स्वनिधि योजना का दायरा अब चरणबद्ध तरीके से शहरी क्षेत्रों से आगे बढ़ाकर जनगणना वाले कस्बों और शहरी-बाहरी इलाकों तक विस्तारित किया जा रहा है। आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के अनुसार, योजना ने रेहड़ी-पटरी विक्रेताओं को औपचारिक ऋण प्रणाली से जोड़ने के साथ उनकी आय, डिजिटल लेनदेन और जीवन स्तर में भी उल्लेखनीय सुधार किया है। यह जानकारी आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू ने लोकसभा में एक लिखित उत्तर में दी।




### व्यापार लाभ में 20% की बढ़ोतरी

इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस (आईएसबी), हैदराबाद द्वारा 2023 और 2025 में किए गए अध्ययन के अनुसार, 2023 के सर्वेक्षण में देश के 100 शहरी स्थानीय निकायों के 5,000 से अधिक लाभार्थियों को शामिल किया गया था। इसमें पाया गया कि 95% लाभार्थियों के लिए पीएम-स्वनिधि का ऋण उनका पहला बैंक ऋण था, जिसका उपयोग उन्होंने अपना कारोबार बढ़ाने में किया। 2025 में 99 शहरी स्थानीय निकायों के 5,000 से अधिक लाभार्थियों पर किए गए अध्ययन में सामने आया कि 2023 से 2025 के बीच योजना के लाभार्थियों के औसत वार्षिक व्यापार लाभ में लगभग 20% की वृद्धि हुई।

### औपचारिक बैंकिंग व्यवस्था से जुड़ रहे विक्रेता

अध्ययन में पाया गया कि सभी ऋण चक्रों में लगभग 30त्न लाभार्थियों ने बताया कि पीएम-स्वनिधि ऋण के अलावा उनके पास अन्य औपचारिक ऋण भी हैं। मंत्रालय के अनुसार, यह दर्शाता है कि योजना रेहड़ी-पटरी विक्रेताओं का क्रेडिट इतिहास बनाने और उन्हें बैंकिंग व्यवस्था से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

रिपोर्ट के अनुसार, 2023 से 2025 के बीच लाभार्थियों में डिजिटल भुगतान अपनाने की प्रवृत्ति में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। शहरी स्थानीय निकाय नियमित रूप से डिजिटल साक्षरता शिविर आयोजित कर रहे हैं और डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने के लिए लाभार्थियों को कैशबैक प्रोत्साहन भी दिया जा रहा है।

## स्टेशन रोड की जन समस्याओं के समाधान की मांग



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** संयुक्त व्यापार मंडल, स्टेशन रोड के पदाधिकारियों ने एक ज्ञापन आयुक्त चारवी को देकर जन समस्याओं के समाधान की मांग की है। भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश मंत्री जयश्री दाधीच, अध्यक्ष गिरधारी लाल बुगालिया, मंत्री कमल दाधीच, कोषाध्यक्ष सुनील कुमार सोनी द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में स्टेशन रोड पर सार्वजनिक शौचालय की व्यवस्था करवाने, बंद पड़ी रोड लाईट्स को दुरूस्त करवाने, सीवरेज चैंबर्स के ढक्कनों को सड़क के लेवल में करवाने की मांग की गई है। ज्ञापन सौंपने के दौरान गिरिश काछवाल, रवि जांगिड़, प्रशांत मंगलूनिया, रोहित, ओम पारीक, दिलीप कुमार, दीनदयाल पारीक, पुरूषोतम शर्मा, विमल गोदारा, गंगाधर लाखन, दिलीप चोटिया, नईम सब्जीफरोश आदि मौजूद रहे। दूसरी ओर आयुक्त चारवी ने बताया कि सीवरेज ढक्कनों को सही करने के लिए सम्बंधित फर्म वाईएफसी को नोटिस देकर सात दिनों में समस्या का समाधान करने के लिए कहा गया है। दूसरी ओर रोड लाईट्स के दुरूस्तीकरण का कार्य करवाया जाकर समस्या का समाधान किया जा रहा है।

## हरयालो राजस्थान के तहत किया वृक्षारोपण



नवरतन वर्मा

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ में हरयालो राजस्थान के तहत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नूवां में वृक्षारोपण कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में संस्था प्रधान पद्मश्री शर्मा ने विद्यार्थियों को पेड़ों के महत्व के बारे में बताया। प्रत्येक विद्यार्थी को कम से कम 2 पेड़ अवश्य लगाने है, केवल लगाना ही नहीं बल्कि जब तक पेड़ न बने तब तक उसकी देखभाल भी करनी है। विद्यालय में वृक्षारोपण की जिम्मेदारी शारीरिक शिक्षक अशोक आलड़िया को दी। आलड़िया ने बताया कि एक पेड़ 100 पुत्रों के सम्मान होता है, यदि हमें स्वच्छ वातावरण में रहना है तो प्रकृति को बचाना होगा ओर अधिक से अधिक पेड़ लगाने होंगे। अशोक आलड़िया के निर्देशन में 105 पौधे विद्यालय में स्काउट व विद्यार्थियों के साथ विद्यालय में नीम, अमरुद, शहतूत, गुडल, करंज, शीशम, जामुन, शिरश, शाहजन, अम्लताश, खेजड़ी, मेंहदी के पौधे लगायें।

## क्षेत्र में जोरों पर चल रहा है पौधरोपण अभियान



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** भाजपा प्रबुद्ध जन प्रकोष्ठ के जिला संयोजक अविनाश पारीक के निर्देशानुसार जिला सह संयोजक दीनदयाल पारीक के सानिध्य में वर्षा ऋतु में 1100 पौधे लगाने के अभियान का शुभारंभ दुलिया बास स्थित श्मशान घाट रामबाग में एक पेड़ मां के नाम लगाकर किया गया। पहले दिन 21 पौधों का रोपण किया गया है। कार्यक्रम में लक्ष्मीनारायण बागड़ा, नि. पार्षद पुरुषोत्तम शर्मा, सुरेंद्र बोहरा, आनंद पारीक, मूलचंद शर्मा, प्रदीप गौड़, नरेगा अधिकारी यतेंद्र, कृष्ण कुमार, मैट तिलोकचंद, गीता देवी, तुलछा देवी, मनोहरी, परमेश्वरी आदि मौजूद रहे। इसी प्रकार राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय हरासर के स्टाफ सदस्यों, ग्रामवासियों, गौशाला संचालक परिवार द्वारा हरासर गौशाला में पौधरोपण किया गया। प्राचार्य अनिल कुमार प्रजापत ने बताया कि स्कूल में अग तक 1251 पौधे लगा चुके हैं। इस अवसर पर गौशाला अध्यक्ष राकेश कुमार शर्मा, सुगन प्रजापत, किशोर कुमार दईया, गोपीनाथ, सुगनचंद खिलेरी, वाइस प्राचार्य मुकेश कुमार वर्मा, दलवीर सिंह, मेगाराम डूडी, अर्जुन डूडी, शीशराम आदि लोग मौजूद रहे।

## सीबीएसई क्लस्टर बॉस्केटबॉल में प्रिंस उपविजेता



सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** जयपुर में आयोजित सीबीएसई क्लस्टर बॉस्केटबॉल 17 वर्ष छात्र प्रतियोगिता में पालवास रोडए सीकर स्थित प्रिंस सैनिक स्कूल ने उपविजेता का खिताब हासिल किया है। साथ ही 19 वर्ष छात्र प्रतियोगिता में सेकण्ड रनरअप का खिताब भी जीता है। विद्यार्थियों की इस सफलता पर मैनेजिंग डायरेक्टर ब्रिगेडियर बीबी जानू, एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर ब्रिगेडियर एचएस पिलखवाल, एकेडमिक हेड पवन कुमावत आदि ने विजेता खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों व अभिभावकों को बधाइयां दी।

# गश्त के दौरान कार से मादक पदार्थ जब्त, तीन गिरफ्तार

नवरतन वर्मा

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ पुलिस ने गश्त के दौरान मुखबीर से मिली सूचना के आधार पर कार से एक किलो 329 ग्राम अफीम जब्त की है, जब्त अफीम का बाजार मूल्य लगभग सात लाख रुपए बताया गया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी अनुसार पुलिस गत रात्रि को गश्त कर रही थी। इस दौरान उन्हें मुखबीर से सूचना मिली कि एक कार सालासर से रतनगढ़ की तरफ आ रही है, जिसमें नशीला पदार्थ होने की आशंका है, जिस पर पुलिस कुसुमदेसर स्थित जीएसएस पास मुख्य सड़क पर पहुंची तथा आने-जाने वाहनों की तलाशी लेनी शुरू की। इसी दौरान एक कार वहां आकर रूकी और पुलिस ने कार में बैठे तीन जनों से पूछताछ कीए तो उन्होंने अपना नाम 31 वर्षीय श्रवणसिंह पुत्र मंगेजसिंह राजपूत निवासी रूखासर, 24 वर्षीय श्योपालसिंह पुत्र समंदरसिंह राजपूत निवासी भोजासर पुलिस थाना रतनगढ़ एवं 32 वर्षीय राजूसिंह पुत्र श्रवणसिंह निवासी कणवाई पुलिस थाना जसवंतगढ़ जिला नागौर बताया। पुलिस द्वारा की गई पूछताछ के दौरान तीनों लोग असहज दिखाई दिए, जिस पर पुलिस ने उनकी कार की तलाशी ली। तलाशी के दौरान दोनों सीटों के बीच बने टूल को खोलकर चेक कियाए तो पारदर्शी प्लास्टिक की थैली में अफीम मिली, जिसका वजन एक किलो 329 ग्राम था। पुलिस ने अफीम व कार को जब्त कर तीनों को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## गुरुपूर्णिमा महोत्सव 29 को

नवरतन वर्मा

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ तहसील के गांव रतनादेसर नुवाँ की रोही में स्थित सजना शक्ति मंदिर प्रांगण में श्री श्री 1008 संत शिरोमणि कुंभभारती महाराज के सानिध्य में 29 जुलाई को गुरु पूर्णिमा महोत्सव तथा वृक्षारोपण आयोजन श्रद्धा, भक्ति और उल्लास से किया जाएगा। मंदिर प्रबंधक कमेटी के प्रमुख कृषि मंडी के पूर्व अध्यक्ष मुरलीधर सारस्वत ने बताया कि गुरु पूर्णिमा महोत्सव तथा पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए सघन वृक्षारोपण के पश्चात मंदिर प्रांगण में विशाल भंडारा प्रसादी सहित विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमो का आयोजन किया जाएगा । सामाजिक कार्यकर्ता वरिष्ठ अध्यापक शिवकरण सारस्वत ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में आध्यात्मिक चेतना और सांस्कृतिक मूल्यों को सुदृढ़ करते हैं। उन्होंने मां शक्ति के सभी भक्तों को कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। गौर तलब है कि इस मंदिर के आसपास 6 महीने पहले कुछ नहीं था। आज मंदिर का जीर्णोद्धार, मंदिर के पास गौशाला, गौ माताओं के लिए छायादार शेड, विशाल चारागृह, भक्तों के लिए कमरे, विश्रामगृह, पेयजल हेतु ट्यूबेल आदि का निर्माण कार्य तेजी से जारी है। इस पवित्र कार्य में 6 माह में ही एक करोड रुपए से अधिक की धनराशि का निर्माण हो चुका है। ओम सारस्वत ने बताया कि यह शक्ति मंदिर साढ़े तीन सौ वर्ष प्राचीन विरासत है। यहां स्थापित शक्ति की प्रतिमा अलौकिक व चमत्कारी है।

# रेलवे स्टेशन को तीन मालवाहक ट्रॉली भेंट



निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** जैन सोसाइटी ट्रस्ट की प्रेरणा से स्वर्गीय कैलादेवी धर्मपत्नी भिवराज भूरा देशनोक की दीक्षा व स्मृति में उनके परिवार द्वारा नोखा रेलवे स्टेशन को तीन मालवाहक ट्रॉली भेंट की गई। ट्रस्ट अध्यक्ष सीकरचंद पींचा ने कहा कि कोई भी यात्री इस मॉल वाहक ट्रॉली आधार कार्ड काउंटर पर जमा देकर इसका उपयोग कर सकता है और भविष्य में भी इस तरह के संसाधन ट्रस्ट द्वारा रेलवे को उपलब्ध कराए जायेंगे। ट्रस्ट के महामंत्री डॉ महेन्द्र संचेती ने बताया कि सोसाइटी की प्रेरणा से कुल 8 ट्रॉली व 3 व्हील चेयर रेलवे स्टेशन को आज तक सुपुर्द की गई। इस मौके पर जैन सोसाइटी ट्रस्ट के अध्यक्ष सीकरचंद पींचा, महासचिव डॉ महेन्द्र संचेती, पूर्व पालिकाध्यक्ष हनुमान पींचा, बाबूलाल कांकरिया, टीकमचंद बुच्चा, मोतीलाल डागा, आसकरण सेठिया, मोहनलाल चोपड़ा, अशोक बैद, दिनेश बैद, प्रकाश लुनिया, पारसमल गोलछा, विजयराज पारख, दीपचंद लुणावत, मनोज डागा, ओमप्रकाश कुंभट, भंवरलाल बुच्चा, राकेश पींचा, विनोद बरडिया, पीयूष रांका, अशोक बैद, राकेश बोथरा, निर्मल चोपड़ा, स्टेशन अधीक्षक अरुण कुमार सहित समस्त रेलवे स्टाफ आदि उपस्थित थे।

# जंतर-मंतर लाठीचार्ज के विरोध में किया प्रदर्शन



कृष्ण कुमार गांधी

**सूरजगढ़ ( नवयत्न )।** दिल्ली के जंतर-मंतर पर नीट परीक्षा में पेपर लीक के विरोध में प्रदर्शन कर रहे छात्र-छात्राओं पर हुए लाठीचार्ज और महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार के विरोध में गुरुवार को सूरजगढ़ में युवाओं एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। सामाजिक कार्यकर्ता मनजीत सिंह तंवर के नेतृत्व में नारेबाजी करते हुए बड़ी संख्या में युवाओं ने उपखंड कार्यालय पहुंचकर एसडीएम के निजी सचिव हरीश कुमार को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपते हुए सामाजिक कार्यकर्ता मनजीत सिंह तंवर ने बताया कि जंतर-मंतर की घटना की उच्च स्तरीय एवं निष्पक्ष न्यायिक जांच कराई जाए तथा दोषियों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाए वहीं घायल विद्यार्थियों को निःशुल्क उपचार, समुचित चिकित्सा सुविधा एवं आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाए। ज्ञापन में प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक जैसी घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाने के लिए कठोर कानून बनाने तथा शिक्षा एवं चिकित्सा के क्षेत्र में व्याप्त भ्रष्टाचार पर प्रभावी अंकुश लगाने की मांग की गई। इस मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता एवं लेखक धर्मपाल गांधी, राय सिंह शेखावत, विकास बुडानिया, दरिया सिंह डीके, महेश धींवा, होशियार सिंह सिंगाठिया, विनोद सोनी, सुनील सैनी, अशोक कुमावत, संदीप शेखावत, मनोज सेन, हरीश राजोरिया, सुभाष मेघवाल, कपिल गुर्जर, तनुज कुमावत, विकास सिंगोदिया, योगेश सिंगोदिया, अड़ूका सरपंच प्रताप सिंह सहित बड़ी संख्या में युवा एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

# संभागीय आयुक्त के दौरे में लोगों ने रखी समस्याएं



विजेन्द्र सिंह लमोरिया

**चिड़ावा ( नवयत्न )।** संभागीय आयुक्त पी सरवन ने ग्राम पंचायत अरडावता में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर का निरीक्षण किया और ग्रामीणों की पेयजल सहित अन्य समस्याओं को सुनकर उनके समाधान के निर्देश दिए। इस दौरान उनके साथ एसडीएम किरण पाल, जिला परिषद सीईओ परशुराम धानका, बीडीओ अनीषा बिजारणियां, सीआई लक्ष्मीचंद वर्मा और अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी कैलाश सिंह कविया सहित कई अधिकारी, कर्मचारी और ग्रामीण मौजूद रहे। इसके बाद संभागीय आयुक्त नगरपालिका चिद्यड़ावा पहुंचे। यहां उन्होंने चल रहे शहरी सेवा शिविर का निरीक्षण कर अधिकारियों से प्रगति रिपोर्ट जानी और लाभार्थियों को पट्टे वितरित किए। शहरी क्षेत्र की समस्याओं को लेकर उन्होंने ईओ गौतम शर्मा और एसडीएम किरण पाल से चर्चा की। शहर में नालों की सफाई, जल भराव, पेयजल किल्लत, सफाई व्यवस्था और आवारा पशुओं से हो रही परेशानियों को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष नरेंद्र गिरधर, पूर्व अध्यक्ष बाबूलाल वर्मा, राजेंद्र पाल सिंह कोच, पीयूष बाछूका, पूर्व पार्षद रविकांत शर्मा, निखिल चौधरी, सुनील भड़िया, गंगाधर सैनी और वन विभाग की रेंजर सुमन सहित काफी संख्या में अधिकारी एवं गणमान्यजन मौजूद रहे। इस अवसर पर संभागीय आयुक्त ने पौधारोपण भी किया। इसके बाद उन्होंने एसडीएम कार्यालय में चिड़ावा और सूरजगढ़ ब्लॉक के अधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक ली और उन्हें आवश्यक दिशा.निर्देश दिए।

# बोरिंग पास होने पर भी नहीं हुआ कार्य शुरू वार्ड 19 व 22 के लोगों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



विजेन्द्र सिंह लमोरिया

**चिड़ावा ( नवयत्न )।** शहर के वार्ड 19 व 22 नया वार्ड 31, 33 स्थित केडिया हवेली क्षेत्र के निवासी पिछले करीब पांच महीनों से गंभीर पेयजल संकट से जूझ रहे हैं। पानी की विकट समस्या से परेशान वार्डवासियों ने उपखंड अधिकारी के नाम नायब तहसीलदार बलबीर सिंह कुलहरी को ज्ञापन सौंपकर जल्द से जल्द बोरिंग का कार्य शुरू करवाने की पुरजोर मांग की है।

**खाने-पीने के पानी का भी संकट-** ग्रामीणों ने ज्ञापन में बताया कि क्षेत्र में पानी के लिए बोरिंग पास हो चुका है लेकिन इसके बावजूद जलदाय विभाग चिड़ावा द्वारा अभी तक बोरिंग का काम शुरू नहीं करवाया गया है। आलम यह है कि मोहल्लेवासियों को खाने-पीने के पानी के लिए भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

**ठेकेदार पर मनमानी का आरोप-** वार्डवासियों का आरोप है कि बोरिंग पास होने के बावजूद संबंधित ठेकेदार द्वारा कार्य शुरू नहीं किया जा रहा है। जब मोहल्लेवासियों ने ठेकेदार से काम चालू करने का आग्रह किया तो उसने दो टूक कह दिया कि मेरी मर्जी होगी तब यह काम चालू करूंगा, मैं अभी काम चालू नहीं करूंगा।

**ज्ञापन के दौरान ये रहे मौजूद-** क्षेत्र के लोगों ने एसडीएम की अनुपस्थिति में नायब तहसीलदार बलबीर सिंह कुलहरी से मांग की है कि वे जलदाय विभाग को तुरंत बोरिंग का कार्य शुरू करवाने और पानी की सप्लाई सुचारू करने के आदेश दें ताकि आम जनता को इस भीषण गर्मी और पेयजल संकट से राहत मिल सके। इस दौरान रतन, महेंद्र चौमाल, लीलाधर सोनी, दीपक, सुशील, राजेश, राकेश, निखिल चौधरी, निशा, मीरा, कृष्णा, पूजा, सरोज, किरण, संतोष और शारदा सहित कई अन्य वार्डवासी मौजूद रहे।

# भानीधोरा में उच्च जलाशय का शिलान्यास

नवरतन वर्मा

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ में केन्द्र एवं राज्य सरकार की सहभागिता से संचालित अमृत 2.0 योजना के तहत भानीधोरा मंदिर के पास 800 केएल क्षमता वाले नए उच्च जलाशय ओवरहेड टैंक का भाजपा विधानसभा संयोजक अर्जुन सिंह फ्रांसा, शहर मंडल अध्यक्ष महेश सैनी, जलदाय विभाग के अधिशासी अभियंता एक्सईएन महेन्द्र काँटीवाल सहित विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति हुआ। गौरतलब है कि इस स्थान पर पहले 300 केएल क्षमता का जलाशय था, जिसे अब बढ़ाकर 800 केएल क्षमता का बनाया जा रहा है। भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष महेश सैनी ने बताया कि क्षेत्र की लंबे समय से चली आ रही मांग को देखते हुए पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि के सतत प्रयासों से अमृत 2.0 योजना के तहत शहर के लिए चार उच्च जलाशय स्वीकृत हुए हैं। इनमें भानीधोरा का जलाशय आज शिलान्यास के साथ शुरू हुआ है, जबकि रिणी वेल के पास बनने वाले दूसरे जलाशय का निर्माण कार्य प्रगति पर है। इस अवसर पर जलदाय विभाग के एईएन विकास यादव, जेईएन रेखा गौड़, प्रशासनिक अधिकारी मोहन सुथार, सहायक प्रशासनिक अधिकारी गोपी चौमाल, भाजपा नेता प्रवीण शर्मा, घनश्याम मंगलहारा, मनोज हारित, अनीता महर्षि, विमल शास्त्री, सुनील शर्मा, विशाल स्वामी, चेतन मंगलहारा, श्याम मेघवाल, शक्तिधर त्रिवेदी, धनराज सैनी, भंवरलाल टेलर, बलवीर स्वामी आदि उपस्थित थे।



# सीबीईओ कार्यालय को 11 हजार की कुर्सियाँ भेंट



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** पूनम चन्द वर्मा प्राचार्य राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, कैलाश ने अपने सामाजिक दायित्व का निर्वहन करते हुए सीबीईओ कार्यालय को कार्यालय उपयोग हेतु 11,000 मूल्य की कुर्सियाँ भेंट कीं। इस अवसर पर श्री बबलेश शर्मा सीबीईओ तारानगर व कार्यालय स्टॉफ ने भामाशाह का अभिनंदन किया। इस मौके पर एसीबीईओ संजय कुमार शर्मा, राजवीर सिंह चौहान, भोजराज दाधीच, शीशपाल, श्रवण चारण, विश्वनाथ भाटी प्राचार्य, रामावतार, यादव अध्यापक, मनोज गोदारा कनिष्ठ सहायक आदि अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उनके इस सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के जनहित एवं संस्थागत सहयोग से कार्यालय की कार्य व्यवस्था को मजबूती मिलती है तथा दूसरों को भी प्रेरणा मिलती है। इस अवसर पर मनोज गोदारा कनिष्ठ सहायक ने कार्यालय को 25000 रुपए के भौतिक संसाधन उपलब्ध करवाने की घोषणा की। प्राचार्य वर्मा ने कहा कि शैक्षणिक एवं प्रशासनिक संस्थाओं को बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध कराने में समाज एवं शिक्षकों की सहभागिता महत्वपूर्ण है। उनके इस योगदान के लिए सभी ने उनका आभार व्यक्त करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।

# आशा सहयोगिनियों ने मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन



विजेन्द्र सिंह लमोरिया

**चिड़ावा ( नवयत्न )।** उपखंड मुख्यालय और उप जिला अस्पताल में आशा सहयोगिनियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद उन्होंने पहले नायब तहसीलदार बलबीर सिंह कुलहरी और बाद में बीसीएमओ के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने राज्य में कार्यरत समस्त आशा सहयोगिनियों को संविदा नियम 2022 के दायरे में लाने और चतुर्थ श्रेणी का राज्य कर्मचारी दर्जा देने की मांग की। इसके साथ ही महंगाई को देखते हुए मासिक वेतन 26,000 रुपये करने, सेवानिवृत्ति पर 10 लाख रुपये की एकमुश्त राशि और 12,000 रुपये प्रतिमाह पेंशन का प्रावधान करने की मांग उठाई गई। प्रदर्शनकारियों ने आगामी एएनएम भर्तियों में अनुभवी आशा सहयोगिनियों को 50 प्रतिशत आरक्षण देने, केवल मूल स्वास्थ्य विभाग से जुड़े कार्य सौंपने और अन्य विभागों के अतिरिक्त कार्यों से मुक्त रखने की मांग की। उन्होंने यह भी बताया कि वर्ष 2025 में 10 प्रतिशत बढ़ा हुआ मासिक वेतन अप्रैल, मई व जून का आज तक नहीं मिला है, जिसे अविलंब दिलवाया जाए और वेतन का भुगतान समय पर सुनिश्चित किया जाए।

# श्री उत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ



ललित दाधीच

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** तेरापंथ महिला मंडल की ओर से श्री उत्सव महिला मंडल भवन में आयोजित हुआ। जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिला प्रवक्ता पवन बोथरा, अध्यक्ष जैन श्वेतांबर तेरापंथ राजकुमार विनायक, महिला मंडल के अध्यक्ष सामाजिक कार्यकर्ता वीरेंद्र लाटा, महिला मंडल के अध्यक्ष कुसुम छलानी, मंत्री मोनिका बेद आदि के सानिध्य में कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर महिलाओं को आत्मनिर्भर कैसे बनाएं इसको ध्यान में रखते हुए महिलाओं ने खाने पीने से लेकर घरेलू कार्य में काम आने वाली हर वस्तुओं की स्टॉल लगाई जिसमें महिलाओं ने जमकर खरीदारी की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिला प्रवक्ता पवन बोथरा ने बताया महिलाओं द्वारा इस तरह के कार्यक्रम करने से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में शक्ति मिलती है साथ ही अपना हुनर स्वयं तैयार करती हैं। कार्यक्रम में महिला मंडल की मंत्री मोनिका बेद ने बताया इस तरह का कार्यक्रम होने से महिलाओं में उत्साह बढ़ता है साथ ही अपना स्वयं का केरियर भी तैयार करती है। इस अवसर पर उन्होंने विशेष कर महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि जब नारी शक्ति आत्मनिर्भर बनेगी तो हिंदुस्तान की अर्थव्यवस्था में महिलाओं का आने वाले समय में सराहनीय योगदान रहेगा। कार्यक्रम में देर शाम तक महिलाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया साथ ही विभिन्न प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ। इस अवसर पर रीना बैद, संजय बैद, प्रेम देवी, विनायक सहित सैकड़ों महिलाएं एवं बहने उपस्थित रही।

# घेराव की चेतावनी दी, तो हुई मोहल्ले में सफाई

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय भारत माता चौक वार्ड के लोगों ने सफाई की अव्यवस्था को लेकर गुरुवार सुबह विरोध जताया। भाजपा नेता नरेन्द्र गुर्जर ने बताया कि क्षेत्र में पिछले कई दिनों से सफाई व्यवस्था चौपट हो रही है। जिसको लेकर स्थानीय लोगों में आक्रोश है। सुबह वार्ड के लोग चैक पर इकट्ठा होकर उनके घर आए और क्षेत्र में सफाई हालात के बारे में बताया। इस पर गुर्जर ने कार्यवाहक आयुक्त व अधिकारियों को फोन कर चेताया कि अगर तुरन्त सफाई शुरू नहीं की गई तो नगर परिषद में लगाए जा रहे शिविर में प्रदर्शन कर घेराव किया जाएगा। इसके 1 घंटे बाद नगरपरिषद के एसआई ओमप्रकाश स्वामी, नथमल 15-20 सफाईकर्मियों के साथ ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर मौके पर पहुंचे। उन्होंने कचरा संग्रहण ठेकेदार को भी मौके पर तलब किया और सफाई शुरू करवाई गई। भाजपा नेता नरेन्द्र गुर्जर ने कहा कि हमें एक दिन की लीपापोती नहीं चाहिए। हमें रोजाना सफाई और नियमित कचरा उठाव चाहिए। इस दौरान छोटेलाल दर्जी, कालूराम खत्री, हनुमान सिंह, भागीरथ सिंह भाटी, ओमप्रकाश दर्जी, महेन्द्र दर्जी, तिलोक चंद गुर्जर, कालूराम बिनावरा, पप्पूराम दर्जी, पवन माली, कुलदीप भाटी, सुशील गुर्जर, राजकुमार सोनी, नरेश अपनी, विनोद कुमार दर्जी, भागीरथ कुमार दर्जी सहित कई लोग शामिल थे।



# सूडान के कृषि मंत्री के नेतृत्व में उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने सूरजगढ़ का किया दौरा

## भारतीय कृषि तकनीक एवं कपास उत्पादन प्रणाली की सराहना

कृष्ण कुमार गांधी

**सूरजगढ़ ( नवयत्न )।** भारत और सूडान के बीच कृषि, बीज, कपास, कृषि तकनीक एवं औद्योगिक पड़सहयोग को नई दिशा देने के उद्देश्य से सूडान के कसाला राज्य के कृषि मंत्री डॉ खिदिर रमजान सादिक मोहम्मद के नेतृत्व में एक उच्चस्तरीय कृषि एवं व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल ने राजस्थान के सूरजगढ़ उपखंड क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरे का आयोजन एसएमआई इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड, भावठड़ी जिला झुंझुनू, राजस्थान द्वारा किया गया। प्रतिनिधिमंडल का स्वागत एसएमआई इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक सुमित गुप्ता ने किया। उन्होंने कहा कि भारत और सूडान के बीच कृषि क्षेत्र में तकनीकी सहयोग, उन्नत बीज, आधुनिक खेती, कपास मूल्य श्रृंखला, जिनिंग, खाद्य सुरक्षा तथा किसानों की आय बढ़ाने के लिए दीर्घकालिक साझेदारी विकसित की जाएगी। कृषि मंत्री डॉ खिदिर रमज़ान सादिक मोहम्मद ने कहा कि सूरजगढ़ एवं सूडान के अनेक क्षेत्रों की मिट्टी एवं जलवायु परिस्थितियाँ काफी समान हैं। भारतीय कृषि तकनीक, गुणवत्तापूर्ण बीज, उन्नत उर्वरक एवं आधुनिक खेती के मॉडल को सूडान में अपनाकर कृषि उत्पादन और किसानों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि की जा सकती है। इस अवसर पर एसएमआई इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड, भावठड़ी-पीलोद द्वारा किसानों को उन्नत बीज एवं उर्वरकों का वितरण किया गया। कंपनी ने भविष्य में सूडान के किसानों के साथ मिलकर कृषि विकास, बीज उत्पादन, कपास मूल्य श्रृंखला, कृषि यंत्रीकरण तथा तकनीकी प्रशिक्षण के क्षेत्र में कार्य करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। प्रतिनिधिमंडल ने स्थानीय किसानों के साथ संवाद कर खेती की लागत, उत्पादन, सिंचाई, फसल प्रबंधन तथा आधुनिक कृषि तकनीकों पर विस्तृत चर्चा की। स्थानीय किसानों द्वारा भव्य स्वागत ग्रामीण परंपरा के अनुसार प्रतिनिधिमंडल का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्रमुख किसानों वीरेंद्र बिजोलिया, अशोक शर्मा, विकास, नवीन, रोहताश ने अपने खेतों का भ्रमण कराया तथा आधुनिक कृषि एवं कपास उत्पादन प्रणाली की जानकारी दी। स्थानीय गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से संजय गोयल, सज्जन जांगिड़ ने प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया तथा भारत-सूडान कृषि सहयोग को ऐतिहासिक पहल बताया। इस अवसर पर सुमित गुप्ता ने कहा कि भारत और सूडान के बीच यह सहयोग केवल व्यापार तक सीमित नहीं रहेगा बल्कि किसानों, वैज्ञानिकों, उद्योगों और सरकारों के बीच ज्ञान, तकनीक एवं विश्वास की साझेदारी का एक नया अध्याय सिद्ध होगा। उन्होंने बताया कि एसएमआई इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड, भावठड़ी भविष्य में सूडान में आधुनिक कृषि, कॉटन जिनिंग, बीज उत्पादन, कृषि यंत्रीकरण, उर्वरक, प्रशिक्षण एवं ग्रामीण औद्योगिक विकास के क्षेत्रों में सक्रिय भूमिका निभाएगी। कार्यक्रम के अंत में कृषि मंत्री डॉ खिदिर रमज़ान सादिक मोहम्मद ने भारतीय किसानों की मेहनत, आधुनिक कृषि तकनीकों तथा एसएमआई इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड,



भावठड़ी द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि यह यात्रा भारत और सूडान के बीच कृषि, व्यापार एवं औद्योगिक सहयोग को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। यह कार्यक्रम एसएमआई इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड, भावठड़ी जिला झुंझुनू द्वारा सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। अंत में संजय गोयल, सज्जन जांगिड़ व अतिथियों, किसानों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया गया।

### प्रतिनिधिमंडल में शामिल प्रमुख सदस्य

सुडान से पधारे कृषि मंत्री, कसाला राज्य, सूडान प्रतिनिधिमंडल प्रमुख,डॉ खिदिर रमजान सादिक मोहम्मद, राष्ट्रीय समन्वयक सिंचाई कृषि एवं कपास अनुसंधान सैफएलदीन डौका, महानिदेशक प्रौद्योगिकी हस्तांतरण एवं विस्तार प्रशासन सूडान मोहम्मद साद अली बायौमी, निदेशक जनरल प्रोडक्शन फातिमा यूसुफ एलामिन मोहम्मद, पायनियर प्रोजेक्ट्स प्रशासन निदेशक प्लांट हेल्थ तकनीकी विभाग समाह तेगेलसिर करामल्ला एलखिदिर, महाप्रशासक अंतरराष्ट्रीय संबंध इंडिया डेस्क मनाल आबिदीन मोहम्मद एलखिदिर, महाप्रशासक कृषि अभियांत्रिकी तव्रीदा अब्देलनबीमेद फरीद मोहम्मद, महाप्रशासक सामान्य गतिविधि प्रशासन अबुकासावी अलसैयद अलतायेब फौजिया आलमीन, निदेशक कृषि क्वारंटीन फदवा अब्देलघनी मोहम्मद दामेरगी, मानव संसाधन एवं प्रशासन यूनिस मुंसिन साद एलनूर, मुख्य कार्यकारी अधिकारी बासिल मोहम्मद मुबारक हसन, बरकत होल्डिंग कंपनी लिमिटेड सूडान कार्यकारी प्रबंधक, बरकत होल्डिंग कंपनी लिमिटेड, सूडान मिलन मन्नारलाल पारेख, निदेशक एसएमआई इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड भावाठड़ी, सुमित गुप्ता पिलोद भारत प्रतिनिधिमंडल ने सूरजगढ़ क्षेत्र के खेतों का दौरा कर भारतीय किसानों द्वारा अपनाई जा रही आधुनिक कृषि तकनीकों, उन्नत बीजों, संतुलित उर्वरक उपयोग, सिंचाई व्यवस्था तथा कपास उत्पादन प्रणाली का विस्तृत अवलोकन किया। इसके साथ ही प्रतिनिधिमंडल ने एसएमआई इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड, भावठड़ी के आधुनिक कॉटन जिनिंग प्लांट का भी निरीक्षण किया और वहां स्थापित अत्याधुनिक मशीनरी एवं कपास प्रसंस्करण तकनीक की सराहना की।

# भारतीय मजदूर संघ का 72वां स्थापना दिवस मनाया

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** भारतीय मजदूर संघ का 72वां स्थापना दिवस गुरुवार को प्रदेश कार्यालय में उत्साह पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा मुख्य अतिथि तथा संगठन के वरिष्ठ राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं पूर्व राष्ट्रीय वित्त सचिव एस.के. राठौर मुख्य वक्ता रहे। एस.के. राठौर ने कहा कि भारतीय मजदूर संघ एक गैर-राजनीतिक श्रमिक संगठन है, जो समर्पित कार्यकर्ताओं की बदौलत आज विश्व का सबसे बड़ा श्रमिक संगठन बन चुका है। विधायक गोपाल शर्मा ने संस्थापक दत्तोपंत ठेंगड़ी और डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार के योगदान को याद करते हुए रोडवेज सहित सार्वजनिक उपक्रमों की समस्याओं के समाधान पर जोर दिया। क्षेत्रीय सह संगठन मंत्री हरिमोहन शर्मा ने तहसील स्तर पर नए कार्यकर्ता तैयार कर गांव-गांव तक संगठन का विस्तार करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन जिला मीडिया प्रभारी अक्षय कुमार मीणा ने किया, जबकि जिला अध्यक्ष रणजीत सिंह गुर्जर ने आभार व्यक्त किया। स्थापना दिवस पर कार्यकर्ताओं ने मिठाई खिलाकर संगठन को और मजबूत बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर जयंती लालए महेंद्र सैनी, विकास तिवारी, यतेंद्र कुमार सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जंतर-मंतर पर छात्रों पर कार्रवाई के विरोध में आरयू में भूख हड़ताल

### छात्र नेता शुभम रेवाड़ अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर कथित पुलिस कार्रवाई और बल प्रयोग के विरोध में राजस्थान विश्वविद्यालय के छात्र नेता शुभम रेवाड़ ने गुरुवार शाम से विश्वविद्यालय परिसर में अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू कर दी। उन्होंने कहा कि छात्रों के अधिकारों की रक्षा और पीड़ित विद्यार्थियों को न्याय दिलाने तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। शाम करीब 5 बजे शुरू हुई भूख हड़ताल के बाद विश्वविद्यालय परिसर में बड़ी संख्या में छात्र एकत्र हो गए। इस दौरान छात्रों ने प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जंतर-मंतर पर हुई कार्रवाई का विरोध जताया। भूख हड़ताल पर बैठे शुभम रेवाड़ ने कहा कि लोकतंत्र में छात्रों की आवाज को बलपूर्वक दबाने का प्रयास किया जा रहा है, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। उनका आरोप है कि जंतर-मंतर पर छात्रों के साथ हुई कार्रवाई पूरे देश के छात्र और युवा वर्ग के आत्मसम्मान पर हमला है। रेवाड़ ने कहा कि जब तक पीड़ित छात्रों को न्याय नहीं मिलता और जिम्मेदार लोगों के खिलाफकार्रवाई नहीं होती, तब तक उनकी अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल जारी रहेगी। उन्होंने देशभर के विद्यार्थियों से छात्र हितों की इस लड़ाई में एकजुट होकर आवाज बुलंद करने का आह्वान भी किया। विश्वविद्यालय परिसर में छात्र संगठनों और विद्यार्थियों ने भी आंदोलन को समर्थन देते हुए छात्र अधिकारों की रक्षा की मांग उठाई।

# झूला-झांकी में होंगे बालस्वरूप सद्गुरु टेऊँराम महाराज के दिव्य दर्शन

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** आस्था और भक्ति के पावन केंद्र श्री अमरापुर स्थान जयपुर में आचार्य सद्गुरु स्वामी टेऊँराम महाराज का पावन छठी महोत्सव शुक्रवार को श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जाएगा। महोत्सव के तहत शाम 5 से 7 बजे तक भजन, सत्संग और संकीर्तन का आयोजन होगा। इस दौरान सद्गुरु टेऊँराम महाराज के छठी महोत्सव के मंगलगान और बधाई गीत गाए जाएंगे तथा आरती की जाएगी। इस कार्यक्रम में सद्गुरु टेऊँराम महाराज के 140वें जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित विभिन्न आध्यात्मिक प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित कर पुरस्कार वितरित किए जाएंगे। साथ ही छठी महोत्सव पर आकर्षक झूला-झांकी सजाई जाएगी, जिसमें बालस्वरूप सद्गुरु टेऊँराम जी महाराज के दिव्य दर्शन होंगे। भगवान को खीर प्रसादी का विशेष भोग अर्पित कर श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया जाएगा। आयोजकों के अनुसार, छठी महोत्सव के अवसर पर संत-महात्मा मंगल बधाई गीतों के माध्यम से श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं देंगे। संतों ने बताया कि आचार्य श्री के नामकरण के समय पंडित जयराम ने उनका नाम टेऊँराम रखा था और भविष्यवाणी की थी कि यह बालक आगे चलकर महान संत और अवतार के रूप में प्रसिद्ध होगा। उनका जन्म सिंध के छोटे खंडू गांव में हुआ था। उन्होंने अल्पायु में ही सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार में महत्वपूर्ण योगदान दिया तथा श्प्रेम प्रकाश ग्रंथ की रचना कीए जिसमें दोहे, पद, छंद और भजनों का समावेश है। सद्गुरु टेऊँराम महाराज के 140वें जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित सुंदर तुलसी सजाओ, माला सजाओ, दोहे, चालीसा एवं आरती सुनाओ सहित विभिन्न आध्यात्मिक प्रतियोगिताओं के विजेताओं को कार्यक्रम के दौरान सम्मानित किया जाएगा। पुरस्कार वितरण समारोह शाम 6:30 बजे आयोजित होगा।

# राजस्थान पुलिस अकादमी में 25 जुलाई को राज्य स्तरीय सेमिनार

**जयपुर ( नवयत्न )।** आपराधिक न्याय प्रणाली को अधिक प्रभावी, पारदर्शी एवं समयबद्ध बनाने की दिशा में राजस्थान पुलिस अकादमी में शुक्रवार 25 जुलाई को न्यायिक विभाग, अभियोजन विभाग, पुलिस विभाग एवं राज्य विधि विज्ञान प्रयोगशाला एफएसएल के अधिकारियों की एक दिवसीय संयुक्त कार्यशाला आयोजित की जाएगी। कार्यशाला का मुख्य विषय प्रभावी न्याय वितरण के लिए अंतर-एजेंसी समन्वय को बढ़ाना रखा गया है। राजस्थान पुलिस अकादमी के निदेशक संजीब कुमार नार्जारी ने बताया कि कार्यशाला का उद्देश्य आपराधिक न्याय प्रणाली से जुड़े सभी हितधारकों के बीच समन्वय को और अधिक मजबूत बनाना है, ताकि अनुसंधान, अभियोजन एवं न्यायिक प्रक्रिया को अधिक प्रभावी और गुणवत्तापूर्ण बनाया जा सके। इस कार्यशाला में राज्यभर से 20 न्यायिक अधिकारीए 20 अभियोजन अधिकारी, 30 वरिष्ठ पुलिस अधिकारी तथा राज्य विधि विज्ञान प्रयोगशाला के अधिकारी भाग लेंगे। विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों की सहभागिता से न्याय प्रणाली से जुड़े व्यावहारिक पहलुओं पर व्यापक विचार-विमर्श किया जाएगा। सेमिनार के दौरान तीन अलग-अलग तकनीकी सत्रों में पैनल चर्चा आयोजित की जाएगी। प्रथम सत्र में आपराधिक न्याय प्रशासन में पुलिस, अभियोजन एवं न्यायपालिका की भूमिका तथा एक-दूसरे से अपेक्षाओं पर चर्चा होगी। द्वितीय सत्र में लंबित प्रकरणों के प्रमुख कारण, समन्वय संबंधी चुनौतियाँ, गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान, साक्ष्य प्रबंधन तथा न्यायालय एवं अभियोजन की अपेक्षाओं पर विशेषज्ञ अपने विचार रखेंगे। तृतीय सत्र में विभिन्न विभागों के बीच समन्वय में आने वाली व्यावहारिक बाधाओं की पहचान तथा उनके समाधान विकसित करने पर विस्तृत मंथन किया जाएगा। निदेशक संजीब कुमार नार्जारी ने बताया कि कार्यशाला के माध्यम से जांच एजेंसियों, अभियोजन, न्यायपालिका एवं एफएसएल के बीच बेहतर संवाद, सूचना साझा करने की प्रभावी प्रणाली तथा समन्वित कार्यप्रणाली विकसित करने पर विशेष बल दिया जाएगा।

# हरियालो राजस्थान अभियान के तहत किया वृक्षारोपण




निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की प्रेरणा से संचालित मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाअभियान हरियालो राजस्थान के तारानगर की राजस्व कॉलोनी एवं गाड़िया लुहार कॉलोनी में वृक्षारोपण कार्यक्रम उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं स्थानीय नागरिकों ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा अधिक से अधिक वृक्ष लगाने और उनका संरक्षण करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर भाजपा शहर मण्डल अध्यक्ष एडवोकेट अनूप खण्डेलवाल, नगरपालिका अधिशासी अधिकारी अजय पाल सिंह, कनिष्ठ अभियंता रेणु पूनिया, पार्षद शिव कुमार शर्मा, मोहम्मद फारुख, राकेश टाक, गुमान सैनी, डुगर लुहार, सुरेन्द्र जांगिड़ सहित मातृशक्ति एवं अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी ने हरियालो राजस्थान अभियान को जन-जन तक पहुँचाने का भी संकल्प लिया।

# नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर 26 को

निलेश मुद्गल

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन एवं महावीर इंटरनेशनल रानी अहिल्या वीरा केंद्र के संयुक्त तत्वाधान में हर माह के आखिरी रविवार को आयोजित होने वाला नेत्र चिकित्सा व उच्च रक्तचाप मधुमेह चिकित्सा परामर्श शिविर विशंभर लाल अग्रवाल श्याम फर्नीचर वालों के सौजन्य से 26 जुलाई रविवार को प्रात: 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक चावो दादी मंदिर झुंझुनू, राणी सती मंदिर के पास आयोजित किया जाएगा। जिला अध्यक्ष श्याम सुंदर जालान ने बताया कि शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टर्स टीम द्वारा आंखों की आधुनिक मशीनों से जांच कर नि:शुल्क दवाइयां व चश्में दिए जाएंगे। मोतियाबिंद के चयनित रोगियों के ऑपरेशन रियायती दर पर कराए जाएंगे।

# नामांतरण की कार्रवाई का ग्रामीणों ने किया विरोध, सौंपा ज्ञापन



निसं

**बिसाऊ ( नवयत्न )।** अलसीसर ठीकाने की भूमि पर सैकड़ों सालों से बसे हुए ढीलसर के 70-80 परिवारों को ठीकाने के वंशजों द्वारा बेदखल करने के लिए तहसील प्रशासन से मिलीभगत कर तहसील में अपने नाम से नामांतरण की कार्रवाई करवा रहे हैं। इसका विरोध जताते हुए गांव के ग्रामीणों ने तहसील के सामने प्रदर्शन कर नारेबाजी की और नामांतरण रूकवाने की मांग को लेकर तहसीलदार के नाम लिखा ज्ञापन नायब तहसीलदार सुदेश कुमार को सौंपा। गुरुवार को ढीलसर के ग्रामीणों ने गांव के पूर्व पंचायत समिति सदस्य महेंद्र सिंह कपुरिया, सरपंच रोहिताश कपुरिया, पूर्व शिक्षक प्यारेलाल के नेतृत्व में नारेबाजी करते हुए ज्ञापन दिया। उसमें बताया कि गांव में नया खाता संख्या 56 और पुराना 52 की कृषि भूमि पर 80-90 वर्षों से गांव के किसान काश्त करहे हैं और 80 परिवार मकान बनाकर रह रहे हैं यही नहीं इस भूमि पर सांसद व विधायक कोटे से दो ट्युबवेल संचालित है जिसकी पानी सप्लाई करवाने के लिए जलदाय विभाग ने 30 वर्षों से सुमेर नामक व्यक्ति को लगा रखा तथा इस भूमि पर सरकार की पंचवर्षीय योजना में विभिन्न विकास कार्य और सड़कें बनी हुई है। कई किसानों के पास भूमि के माल की रसीदें है, पुरानी गिरदावरी में भी किसानों के नाम दर्ज है। ग्रामीणों ने बताया कि ढीलसर गांव राजठीकाने के समय अलसीसर ठीकाने में आता था तथा यह कृषि भूमि भी ठीकाने के जागीरदार लादुसिंह के नाम से दर्ज थी एवं उन्होंने यहां गांव बसाने के लिए किसानों से रूपए लेकर इस भूमि को बेच दी थी इसकी लिखावट भी कई किसानों के पास है। अब इस भूमि पर खातेदारों का कोई कब्जा नहीं रहा है इसको देखते हुए तहसीलदार इस भूमि के पूर्व खातेदारों के नाम नामांतरण नहीं करे। ग्रामीणों ने तहसीलदार पर आरोप लगाते हुए कहा कि इन्होंने ने जागीरदारों के नाम नामांतरण करवाने के लिए ढीलसर के पटवारी तक को बदल डाला उसकी जगह तुरंत दूसरे पटवारी को लगा दिया लेकिन हमारी सजगता ने नामांतरण की प्रक्रिया को कामयाब नहीं होने दिया और तुरंत मौके पर ही स्टे लाकर नामांतरण को रुकवाया। प्रदर्शन में पूर्व पंचायत समिति सदस्य नरेश मांजू, दूदाराम कपुरिया, जयसिंह, प्यारेलाल साहरण,, धर्मवीर, दलीप, संत कुमार, जगदेव, सुरेंद्र, सुभाष, हवाई सिंह, रणवीर, गिरधारी मेघवाल, मनफूल मेघवाल, राजेंद्र मेघवाल, हरकोरी देवी, मन्ना देवी, गुड्डी देवी, मोना देवी, सिलोचना देवी सहित काफीग्रामीण जन शामिल हुए। उधर तहसीलदार शेर सिंह राठौड़ का कहना है कि पंजीकृत दस्तावेज के अनुसार नियमानुसार नामांतरण भरा जाता है जब तक की कोई अन्यथा आदेश ना हो या किसी न्यायालय का स्थगन ना हो तो। न्यायालय से स्थगन आदेश होने की स्थिति में नामांतरण की प्रक्रिया को रोका जाता है।

# साइबर ठगी पर राजस्थान पुलिस का बड़ा फैसला : अब एक लाख या अधिक की ठगी पर स्वत: दर्ज होगी ई-जीरो एफआईआर

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** साइबर वित्तीय धोखाधड़ी के मामलों में पीड़ितों को त्वरित राहत दिलाने और अपराधियों पर तेजी से शिकंजा कसने के उद्देश्य से राजस्थान पुलिस ने बड़ा कदम उठाया है। अब एक लाख रुपये या उससे अधिक की साइबर वित्तीय ठगी की शिकायत पर ई-जीरो एफआईआर स्वतरू दर्ज होगी। यह नई व्यवस्था 23 जुलाई से पूरे प्रदेश में लागू कर दी गई है। पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा ने इस संबंध में राज्य के सभी पुलिस अधीक्षकों और पुलिस आयुक्तों को परिपत्र जारी कर संशोधित व्यवस्था के अनुरूप कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। यह निर्णय भारत सरकार के गृह मंत्रालय के निर्देशों तथा साइबर अपराधों के बढ़ते मामलों को देखते हुए लिया गया है, ताकि पीड़ितों को तत्काल कानूनी संरक्षण मिल सके और ठगी की राशि शीघ्र फ्रीज कर अपराधियों तक तेजी से पहुंचा जा सके। अतिरिक्त महानिदेशक साइबर क्राइम वी.के. सिंह ने बताया कि अब तक प्रदेश में 5 लाख रुपये या उससे अधिक की साइबर वित्तीय धोखाधड़ी पर ई-एफआईआर की व्यवस्था थी। नई व्यवस्था के तहत यह सीमा घटाकर एक लाख रुपये कर दी गई है, जिससे अधिक संख्या में पीड़ितों को तत्काल कानूनी सहायता मिल सकेगी। उन्होंने बताया कि आई4सी भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र के राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल और साइबर हेल्पलाइन 1930 को सीसीटीएनएस प्रणाली से एकीकृत किया गया है। अब एक लाख रुपये या उससे अधिक की साइबर वित्तीय धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज होते ही संबंधित राज्य स्तरीय साइबर पुलिस थाने में स्वतरू ई-जीरो एफआईआर दर्ज हो जाएगी। इस नई व्यवस्था के तहत ई-जीरो एफआईआर दर्ज होते ही पुलिस शिकायतकर्ता के हस्ताक्षर की प्रतीक्षा किए बिना बैंक खातों को फ्रीज कराने, संदिग्ध राशि होल्ड कराने, कॉल डिटेल रिकॉर्ड सीडीआर, आईपीडीआरए सीसीटीवी फुटेज और अन्य डिजिटल साक्ष्य जुटाने जैसी कानूनी कार्रवाई तुरंत शुरू कर देगी। एडीजी वी.के. सिंह ने साइबर ठगी के शिकार लोगों से अपील की कि वे घटना होते ही बिना देरी किए साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं, ताकि समय रहते राशि फ्रीज कर उन्हें राहत दिलाई जा सके।

नई व्यवस्था के तहत शिकायतकर्ता को ई-जीरो एफआईआर दर्ज होने के 72 घंटे के भीतर संबंधित पुलिस थाने पहुंचकर एफआईआर की मुद्रित प्रति पर हस्ताक्षर करने होंगे। यदि वह निर्धारित समय में उपस्थित नहीं हो पाता है तो उसे नोटिस जारी किया जाएगा। हालांकि इस दौरान प्रारंभिक जांच और आवश्यक कानूनी कार्रवाई जारी रहेगी। नई व्यवस्था के अनुसार एक करोड़ रुपये या उससे अधिक की साइबर वित्तीय धोखाधड़ी के मामलों का पंजीकरण और अनुसंधान राज्य स्तरीय साइबर क्राइम पुलिस थाना, जयपुर करेगा। वहीं एक लाख से एक करोड़ रुपये तक के मामलों की जांच संबंधित जिला साइबर पुलिस थाना अथवा स्थानीय थाना, जिला पुलिस अधीक्षक या पुलिस उपायुक्त के निर्देशानुसार करेगा। डीजीपी राजीव कुमार शर्मा ने कहा कि आई4सी की तर्ज पर राज्य में आर4सी की स्थापना के साथ राजस्थान पुलिस साइबर अपराधों की रोकथाम, पीड़ितों को त्वरित राहत और अपराधियों के खिलाफप्रभावी कार्रवाई के लिए आधुनिक तकनीक एवं सुदृढ़ कानूनी व्यवस्था का लगातार विस्तार कर रही है। उन्होंने कहा कि ई-जीरो एफआईआर की यह नई व्यवस्था साइबर अपराधों के विरुद्ध त्वरित, तकनीक आधारित और पीड़ित-केंद्रित पुलिसिंग की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित होगी।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर ( राज. ) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190